29 जून, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 249

पीएम नरेंद्र मोदी ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गये, शुभांशु शुक्ला से की बात






पिता की अस्वस्थता के बीच महाधिवेशन में ऑनलाइन शामिल हुए मुख्यमंत्री

# श्रमिकों और विस्थापितों को सरकार हक दिलाने के लिए प्रयासरत : हेमंत

- रांची स्थित सीएमपीडीआइ में हुआ झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का आठवां महाधिवेशन, संगठनात्मक स्तर पर बड़े बदलाव भी किये गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के आठवें केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन शनिवार को रांची स्थित सीएमपीडीआइ के रविंद्र भवन में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली से ऑनलाइन जुड़कर यूनियन प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, श्रमिकों और विस्थापितों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और लगातार प्रयासरत रहेगी।

**सोशल मीडिया पर तस्वीर के साथ किया पोस्ट :** मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर महाधिवेशन में शामिल होने से संबंधित जानकारी को साझा किया। उन्होंने कार्यक्रम की तस्वीर डाली। उसके बाद लिखा कि 'आज दिल्ली से रांची में आयोजित झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय महाधिवेशन में ऑनलाइन रूप से शामिल हुआ और उपस्थित साथियों को संबोधित किया। राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों, श्रमिकों और विस्थापितों को उनका हक-अधिकार दिलाने के लिए हम निरंतर काम करते रहेंगे। जय झारखंड!'

**महाधिवेशन से पहले बड़े स्तर पर बदलाव :** बताते चलें कि इस महाधिवेशन की घोषणा 11 जून को यूनियन की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में की गयी थी। यह बैठक यूनियन अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आयोजित हुई थी, जिसमें कई अहम निर्णय लिये गये। बैठक में तय किया गया था कि संगठन के आठवें महाधिवेशन की शुरुआत 28 जून को होगी। महाधिवेशन से पूर्व ही संगठनात्मक स्तर पर बड़े बदलाव भी किये गये।

केंद्रीय कार्यसमिति ने तत्काल प्रभाव से यूनियन की सभी शाखा, परियोजना, कोलियरी/क्षेत्रीय एवं जोनल कमिटियों को भंग कर दिया। साथ ही नये कार्यकाल के लिए नयी कमिटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल–तीनों प्रमुख कोल इंडिया कंपनियों के लिए संयोजक मंडल का गठन भी किया गया है।



## मुख्यमंत्री का संदेश श्रमिकों को देगी नयी ऊर्जा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संदेश यूनियन सदस्यों के बीच साहस, उम्मीद और विश्वास का संदेश लेकर आयी। झारखंड सरकार द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि कोल परियोजनाओं में काम कर रहे श्रमिकों को न केवल रोजगार सुरक्षा, बल्कि आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मिले। मुख्यमंत्री का यह ऑनलाइन जुड़ाव दर्शाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, सरकार जनसरोकार के मंचों से स्वयं को दूर नहीं रखती। कार्यक्रम से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री के इस संवाद को संवेदनशील नेतृत्व की मिसाल बताया और आशा जताई कि उनके निर्देशों पर राज्य सरकार श्रमिक हितों की दिशा में और प्रभावी कार्य करेगी।

# शिबू सोरेन की हालत स्थिर, सभी कर रहे हैं स्वस्थ होने की कामना

- संजय सेठ, वृंदा करात समेत कई नेता सीएम हेमंत सोरेन से मिले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत स्थिर है। वह सर गंगाराम अस्पताल के आइसीयू में भर्ती हैं। गुरुजी को देखने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने लगतार राज्य के नेतागण पहुंच रहे। उधर, झारखंड में पार्टी कार्यकर्ता समेत अन्य लोग उनके स्वास्थ होने की कामना कर रहे हैं। मंदिर-मस्जिद-गिरजाघर सभी जगह अनुष्ठान, पूजा-पाठ, चादरपोशी समेत अपने-अपने तरीके से लोग गुरुजी के स्वस्थ्य हो कर लौटने की कामना कर रहे हैं।

बताते चलें कि पिछले दिनों शिबू सोरेन रूटीन जांच के लिए दिल्ली गये थे। वहां तबियत खराब होने के बाद उन्हें गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पुत्र बसंत सोरेन और पुत्रवधु कल्पना सोरेन दिल्ली पहुंचे। सभी अभी वहीं दिल्ली में हैं। शिबू सोरेन फिलहाल आइसीयू में भर्ती हैं और डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। दो दिन पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उनको देखने के लिए गंगाराम अस्पताल गयीं थीं। शनिवार को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने गंगाराम अस्पताल जाकर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। माकपा की वरिष्ठ नेता कामरेड वृंदा कारात भी अस्पताल गयीं थीं। इसके अलावा कई अन्य नेता भी अस्पताल पहुंचे और हेमंत सोरेन से मिलकर गुरुजी के स्वास्थ के बारे में जानकारी ली।








## न्यूज रील्स


### देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग की गयी

बिहटा/ पटना। देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग हुई। बिहार के 26 जिलों की 42 नगरपालिकाओं के उपचुनाव हुए। इसमें छह नगरपालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई-वोटिंग हुई। यह प्रोजेक्ट वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए किया गया था। यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था।

# आइपीएस पराग जैन रॉ के चीफ बने

- मौजूदा चीफ रवि सिन्हा 30 जून को हो रहे रिटायर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के आइपीएस पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। पराग लंबे से रॉ से जुड़े हैं। उन्होंने रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने और बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे अहम मिशन पर काम किया है। पराग एविएशन रिसर्च सेंटर (एआइसी) के प्रमुख भी हैं, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी शिविरों की पहचान में अहम भूमिका निभायी थी। पराग जैन एसएसपी चंडीगढ़ और डीआइजी लुधियाना के पद पर भी रहे हैं। पंजाब में ड्यूटी के दौरान उन्होंने आतंकवाद विरोधी कई ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। जैन ने कनाडा-श्रीलंका में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

# पुरी में तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे

- 9 दिन मौसी के यहां ठहरेंगे भगवान
- दो दिन की रथ यात्रा में 10 लाख भक्त पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पुरी।** ओड़िशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन था। सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंचा। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी है। रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे। बताते चलें कि शुक्रवार को रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा लोग थे। रात हो जाने के बाद रथ यात्रा रोक दी गयी थी। इसके बाद शनिवार सुबह को पूजा-अर्चना के बाद फिर यात्रा शुरू हुई। जगन्नाथ रथ यात्रा में पुरी जिला प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। ये कैमरे यात्रा मार्ग की निगरानी के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण में भी मदद कर रहे हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (ट्रैफिक) दयाल गंगवार ने बताया कि इस तकनीक की मदद से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

# 'कांटा लगा' फेम शेफाली का निधन



**मुंबई (आजाद सिपाही)।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गयी। इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किये गये हैं। शेफाली के घर के कुक और मेड से भी पूछताछ हुई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। वहीं, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अभी तक नहीं आयी है। शेफाली का अंतिम संस्कार ओशिवारा के विद्युत शवदाह में हुआ।




जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह

# जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जीवन त्याग की मिसाल : मोदी

- प्रधानमंत्री ने डाक टिकट और सिक्के भी जारी किये, ट्रस्ट ने मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को 'आचार्य' की उपाधि दी गयी थी। यह सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और करुणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा भी थी। जब हम आज उनके जन्म के 100 साल मना रहे हैं, तो वह ऐतिहासिक पल फिर याद आता है।

**मुनिराज एक युग पुरुष और युग द्रष्टा थे :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज एक 'युग पुरुष' और 'युग द्रष्टा' थे। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन्हें निकट से देख पाया और उनके आध्यात्मिक तेज को महसूस कर सका। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तो मुझे इस मंच से भी उनका स्नेह और निकटता महसूस हो रही है।

**भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति :** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं। हमारी सोच अमर है। हमारा दर्शन अमर है। इस अमर दर्शन का स्त्रोत हमारे ऋषि, मुनि, संत और आचार्य हैं। उन्होंने ही भारत की आत्मा को दिशा दी है और सदियों तक हमारी संस्कृति को जीवित रखा है।








# अनुचित है संविधान की प्रस्तावना में संशोधन के सुझाव पर हंगामा

## ■ 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवादी' तो इमरजेंसी के दौरान कांग्रेस ने जोड़ा था

## ■ इन दोनों शब्दों को हटाने का आरएसएस का सुझाव पूरी तरह गलत नहीं है

आजाद सिपाही विशेष

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर संविधान की प्रस्तावना को लेकर प्रश्न खड़े किये। उन्होंने इमरजेंसी के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द को हटाने पर विचार करने का सुझाव दिया। होसबोले के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हंगामा मच गया है। कांग्रेस के साथ पूरा विपक्ष आरएसएस नेता के बयान को संविधान विरोधी बता रहा है, तो वहीं भाजपा की ओर से अब तक आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। लेकिन इस मुद्दे पर कांग्रेस का रवैया सवालों के घेरे में है। दरअसल संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का नाम और भारतीय संविधान पिछले कुछ सालों में भारतीय राजनीति के केंद्र में लगातार शीर्ष पर बना हुआ है। संविधान पर सरकार बनाम विपक्ष की लगातार जंग को हर किसी ने देखा है। लेकिन इस सियासी हंगामे के बीच इस तथ्य को भुला दिया गया कि आरएसएस नेता ने जिन दो शब्दों को हटाने का सुझाव दिया है, वे शब्द डॉ अंबेडकर द्वारा संविधान की प्रस्तावना में नहीं लिखे गये थे, बल्कि इन्हें तो कांग्रेस की तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान में 42वें संशोधन के जरिये जोड़ा था। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द जोड़ कर डॉ अंबेडकर के संविधान से छेड़छाड़ की थी। तो अब इस गलती को सुधारने में कोई समस्या समस्या नहीं होनी चाहिए। क्या है यह पूरा मामला और क्या हो सकता है इसका सियासी असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह


भारत के राजनीतिक विमर्शों में संविधान पर बहस कोई नयी बात नहीं है, लेकिन इस बार मुद्दा प्रस्तावना के वे दो शब्द हैं, जिन्हें भारत की पहचान से जोड़ा जाता है। ये शब्द हैं 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्षता'। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संविधान की प्रस्तावना में इन दो शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान किया, तो कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष आग बबूला हो गया है। भाजपा की तरफ से हालांकि कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आयी है, लेकिन सियासी तौर पर नया हंगामा तो खड़ा हो ही गया है।

### क्या कहा दत्तात्रेय होसबोले ने

आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 26 जून को इमरजेंसी की 50वीं बरसी पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया गया था और इन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए। ये दो शब्द प्रस्तावना में पहले नहीं थे। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द कभी नहीं थे। आपातकाल के दौरान जब मौलिक अधिकार निलंबित कर दिये गये, संसद काम नहीं कर रही थी, न्यायपालिका पंगु हो गयी थी, तब ये शब्द जोड़े गये। उनका कहना था कि जिस संविधान की प्रस्तावना को बाबा साहेब अंबेडकर ने लिखा था, उसे इंदिरा सरकार ने बदल दिया। हम लोगों को मालूम है कि ये दो शब्द उस प्रस्तावना में नहीं थे। पहले तो इन दो शब्दों को प्रस्तावना में जोड़ा गया। बाद में इनको निकालने का प्रयास हुआ नहीं, केवल चर्चा हुई। दोनों प्रकार के तर्क-वितर्क हुए। तो क्या वे शब्द रहने चाहिए? प्रस्तावना में ये विचार होना चाहिए।

### राहुल गांधी ने क्या कहा?

दत्तात्रेय होसबोले का बस इतना कहना भर था कि विपक्ष ने एकजुट होकर आरएसएस और भाजपा पर हमला बोल दिया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरएसएस और भाजपा पर वार करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है, क्योंकि वह समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस और भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। आरएसएस ये सपना देखना बंद करे। हम उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। हर देशभक्त भारतीय आखिरी दम तक संविधान की रक्षा करेगा।




### संजय राउत और आदित्य ठाकरे ने क्या कहा

शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत तो राहुल से एक कदम आगे निकले और कहा कि आरएसएस ने तो आपातकाल का समर्थन किया था, तो आदित्य ठाकरे ने होसबोले के बयान को महाराष्ट्र के भाषा विवाद से ध्यान भटकाने वाला बताया।

### शिवराज सिंह चौहान ने क्या कहा

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने होसबोले के बयान का समर्थन कर विवाद को मानो और भड़का दिया। शिवराज ने कहा, 'सर्वधर्म समभाव' में भारतीय संस्कृति का मूल है। धर्मनिरपेक्षता हमारी संस्कृति का मूल नहीं है और इसलिए इस पर जरूर विचार होना चाहिए कि आपातकाल में जिस 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को जोड़ा गया, उसको हटाया जाये। 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया', यह भारत का मूल भाव है और इसलिए यह समाजवाद की जरूरत नहीं है। हम तो वर्षों पहले से कह रहे हैं कि सियाराम में सबको एक जैसा माना। इसलिए 'समाजवादी' शब्द की भी आवश्यकता नहीं है। देश को इस पर निश्चित तौर पर विचार करना चाहिए।

### कांग्रेस का दोहरा रवैया

कांग्रेस शायद भूल गयी है कि आपातकाल के दौरान जब सारा विपक्ष जेल में ठूंस दिया गया था, तब इंदिरा गांधी की तत्कालीन सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में जबरन दो शब्द जोड़ दिये थे। कांग्रेस को समझना चाहिए कि 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जब बाबा साहेब आंबेडकर के लिखे गये संविधान की प्रस्तावना में थे ही नहीं, तो उस पर सवाल उठेंगे ही। ऐसा भी नहीं है कि आरएसएस ने ही पहली बार इन दोनों शब्दों पर सवाल उठाया हो। समाज के कई वर्गों की ओर से इन दोनों शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में शामिल करने को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी थी।

आरएसएस पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगा रही कांग्रेस शायद भूल रही है कि उसकी सरकारों ने ही सर्वाधिक बार संविधान में संशोधन किये और संविधान की प्रस्तावना तक को संशोधित कर डाला। इंदिरा गांधी सरकार ने 1976 में 42वें संविधान संशोधन के जरिये प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द तब जोड़े थे, जब देश में आपातकाल लगा था और विपक्ष के सारे नेता जेल में थे। यह सही है कि संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार, संविधान में संशोधन किया जा सकता है और यह शक्ति संसद के पास है, जो प्रस्तावना तक भी विस्तारित है। मगर उस समय संसद ने लोकतंत्र की भावना के अनुरूप काम नहीं किया और विपक्ष की गैर-मौजूदगी में संशोधन के जरिये प्रस्तावना में भारत के वर्णन को 'संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य' से बदलकर 'संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य' कर दिया गया। उस समय राजनीतिक कारणों से संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को डाला गया। कांग्रेस को इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि जब प्रस्तावना को 26 नवंबर 1949 में संविधान सभा ने स्वीकार किया था, तब 1976 में उसे बदल क्यों दिया गया? कांग्रेस को इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि 1976 में किये गये संशोधन के बाद भी संविधान की प्रस्तावना में क्यों लिखा है कि उसे 26 नवंबर 1949 को स्वीकार किया गया?

आरएसएस पर सवाल उठा रही कांग्रेस को यह भी पता होना चाहिए कि साल 2023 में नये संसद भवन में कामकाज के पहले दिन सांसदों को दी गयी संविधान की प्रति में प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द नहीं थे। उस समय केंद्र सरकार ने तर्क दिया था कि यह मुद्रित प्रति ही मूल प्रस्तावना थी। कांग्रेस को समझना होगा कि संविधान में सामान्य संशोधनों और प्रस्तावना में किये गये संशोधन में बड़ा फर्क है। कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान अलोकतांत्रिक रूप से जो कार्य किया था, अब उसे ठीक करने का आह्वान किया जा रहा है तो इसमें गलत क्या है? संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्द रहें या नहीं रहें, यदि इस पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा के बाद फैसला करने की मांग की जा रही है, तो इसमें गलत क्या है? यह वाकई हास्यास्पद है कि कांग्रेस आरएसएस के आह्वान को बाबा साहेब के संविधान को नष्ट करने की साजिश बता रही है, जबकि इसी पार्टी की सरकार ने बाबा साहेब के संविधान की प्रस्तावना से छेड़छाड़ की थी। बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि डॉ बीआर अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने विश्व का उत्तम संविधान भारत को दिया, जिससे हमारे लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई।

---

# कोलकाता गैंगरेप के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल

## केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार पुलिस हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में गैंगरेप की घटना के खिलाफ भाजपा नेताओं ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मजूमदार ने कहा, यह पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र का चेहरा है। ममता बनर्जी ने राज्य में लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। पुलिस ने मुझे और अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। सुकांत मजूमदार को हिरासत में लिये जाने का एक वीडियो क्लिप जारी किया गया है। इसमें भाजपा नेता को पुलिस की ओर से गाड़ी में ले जाते देखा जा सकता है। इस दौरान भाजपा समर्थक पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।




सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को दावा किया कि कोलकाता में सामूहिक दुष्कर्म की घटना दर्शाती है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद हुई है। आरजी कर अस्पताल की घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए थे। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री मजूमदार ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पुलिस विभाग का काम संभालने के बावजूद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है।

### कॉलेज का सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

फर्स्ट ईयर की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शनिवार को कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही, कॉलेज परिसर के सुरक्षा गार्ड कक्ष में हुई इस वारदात के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर चार हो गयी है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के लिए हिरासत में लिये गये सुरक्षा गार्ड को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा, हमने आज सुबह सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया, क्योंकि उसके जवाब अस्पष्ट थे। सीसीटीवी फुटेज से कॉलेज में उसकी मौजूदगी का पता चला था। अधिकारी ने कहा कि गार्ड अपनी ड्यूटी निभाने में विफल रहा। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उस समय वह ड्यूटी पर अकेला था। यह घटना 25 जून की शाम को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई थी।

# हिमंता ने की 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** संघ और भाजपा के नेताओं के संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने की अपील के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने भी मोर्चा खोल दिया है। एक कार्यक्रम के दौरान सीएम सरमा ने इमरजेंसी के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इमरजेंसी के दौर में संविधान में जोड़े गये 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' शब्दों को हटा देना चाहिए। इसके साथ ही आपातकाल की तमाम विरासत को हटाने का सही समय यही है। भाजपा मुख्यालय में 'द इमरजेंसी डायरीज' नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए सरमा ने संविधान की प्रस्तावना में से इन शब्दों को हटाने की अपील की। उन्होंने कहा, ये शब्द कभी भी मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे। इसलिए इन्हें हटा दिया जाना चाहिए, क्योंकि धर्मनिरपेक्षता सर्व धर्म समभाव के भारतीय विचार के खिलाफ है और समाजवाद कभी भी भारत की मूल आर्थिक दृष्टि का हिस्सा नहीं था। मीडिया से बात करते हुए असम सीएम ने कहा, आज हमने इमरजेंसी डायरी नामक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें आपातकाल के दौरान संघर्ष और प्रतिरोध के बारे में बताया गया है। जब हम आपातकाल की बात करते हैं, तो यह उसके बचे हुए प्रभाव को मिटाने का सही समय है, ठीक वैसे ही जैसे प्रधानमंत्री मोदी औपनिवेशिक शासन की विरासत को मिटाने का काम कर रहे हैं। आपातकाल के दो प्रमुख परिणाम हमारे संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे शब्दों का जुड़ना था।



# अनूठी है संविधान की प्रस्तावना, पर उसमें छेड़छाड़ हुई थी : उप राष्ट्रपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान की प्रस्तावना को लेकर अहम बात कही है। उन्होंने भारत के संविधान की तुलना दुनिया के अन्य देशों के संविधान से की। धनखड़ ने संविधान की प्रस्तावना और उसमें हुए बदलाव का जिक्र किया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना को इसके विकास का आधार बताया। साथ ही उन्होंने देश के संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' जैसे शब्दों का जिक्र भी किया। एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए धनखड़ ने स्वीकार किया कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां प्रस्तावना में संशोधन किया गया था। यह 1976 में आपातकाल के दौरान लागू किये गये 42वें संशोधन का संदर्भ था।



धनखड़ ने कहा कि किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना अनूठी है। भारत को छोड़कर किसी भी अन्य देश के संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। प्रस्तावना ही वह आधार है, जिस पर संविधान विकसित हुआ है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह (प्रस्तावना) संविधान का बीज है। लेकिन भारत के लिए इस प्रस्तावना को 1976 के 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा बदल दिया गया, जिसमें 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' जैसे शब्द जोड़े गये।

उप राष्ट्रपति की टिप्पणी आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले की टिप्पणियों के बाद आयी है, जिन्होंने प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को शामिल करने की वैधता पर सवाल उठाया था।

# गिरिडीह में देसी मशरूम खाने से एक ही परिवार के 6 लोग अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड में बरसात की शुरूआत के साथ ही जंगलों और खेतों में उगने वाला देसी मशरूम बाजार में बिकने लगता है। स्वादिष्ट होने के कारण इसकी मांग भी काफी होती है। लेकिन गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में देसी मशरूम खाने से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार हो गये। सभी की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



बीमारों में राजेश वर्मा, मनीता देवी, अभिलाषा कुमारी, सोनम कुमारी, वर्षा कुमारी और आयुष कुमार शामिल हैं। परिवार के मुखिया राजेश वर्मा ने बताया कि उनके ही खेत में यह मशरूम उगा था। उन्होंने उसे घर लाकर पकाया और सभी ने भोजन में खाया। मशरूम खाने के कुछ ही समय बाद परिवार के सभी सदस्यों को उल्टी और पेट दर्द होने लगा। स्थिति बिगड़ती देख परिजन सभी को स्थानीय अस्पताल ले गये, जहां से उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों की निगरानी में अब सभी का इलाज चल रहा है।

सदर अस्पताल के डॉक्टर पंकज प्रसाद वर्मा ने बताया कि यह मामला फूट प्वाइजनिंग का है। उन्होंने लोगों को बरसात के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉक्टर का कहना है कि भारी या बासी भोजन और बिना जांचे-परखे जंगल के खाद्य पदार्थों को खाने से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन दिनों अस्पताल में फूड प्वाइजनिंग और लूज मोशन के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए साफ-सुथरा खाना और स्वच्छ पानी पीना जरूरी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.7 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.05 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने ली गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मिलकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात करने वाले में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्णिमा नीरज सिंह सहित अन्य शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश देवघर जिले में पार्टी के कार्यक्रम को लेकर पहुंचे थे, लेकिन शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने की सूचना पर दोनों नेता देवघर से ही नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

### गुरुजी की हालत गंभीर लेकिन स्थिर : प्रदीप यादव

**रांची।** पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जतायी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनकी कुछ देर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने गुरुजी की सेहत के बारे में जानकारी ली। प्रदीप यादव के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि गुरुजी की स्थिति फिलहाल गंभीर जरूर है, लेकिन स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा, हम सभी ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। गौरतलब है कि शिबू सोरेन इन दिनों दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। पूरे राज्य में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता का माहौल है और लगातार प्रार्थनाएं की जा रही हैं।

# पूरा झारखंड गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा : मनोज पांडेय

**गुरुजी को डॉक्टरों की दवा के साथ-साथ राज्य वासियों की दुआओं की भी जरूरत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 19 जून से भर्ती झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। गुरुजी की चिंताजनक स्वास्थ्य को लेकर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने पार्टी कार्यकर्ताओं और राज्य की जनता के नाम पत्र जारी कर शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पूजा अर्चना करने का आह्वान किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने बताया कि दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की टीम आइसीयू में भर्ती शिबू सोरेन का इलाज में लगी है, लेकिन अब गुरुजी को डॉक्टरों की दवा के साथ-साथ राज्य वासियों की दुआओं की भी जरूरत है। ऐसे में राज्यवासी अपनी-अपनी आस्था के अनुसार बाबा के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पूजा-अर्चना करें। पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए रांची के जगन्नाथ मंदिर में गुरुजी की तस्वीर लेकर उनके समर्थकों ने पूजा अर्चना की। वहीं डोरंडा के रिसालदार बाबा के मजार पर चादरपोशी कर उनकी कुशलता के लिए दुआ मांगी गयी। झामुमो नेता ने उम्मीद जतायी कि राज्यवासियों की दुआ से 'बाबा' शीघ्र स्वस्थ होकर झारखंड लौटेंगे।

## मंत्री संजय यादव ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर की प्रार्थना

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर मंत्री संजय प्रसाद यादव ने चिंता जतायी है। कहा कि गुरुजी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के अभिभावक हैं।

उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होना पूरे राज्य के लिए चिंता का विषय है। इसलिए हर सुबह वह मां दुर्गा भवानी से प्रार्थना कर रहे हैं कि गुरुजी शिबू सोरेन जल्द ठीक हो जायें। उन्होंने कहा कि हमारे अभिभावक, पथप्रदर्शक, गुरुजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर झारखंड लौटें। एक बार फिर जनता की सेवा में लगें। वर्तमान में गुरुजी की अस्वस्थता चिंता का विषय है, लेकिन पूरा राज्य आशा कर रहा है कि वह जल्द स्वस्थ होकर लौटेंगे। झारखंड एक बार फिर उनका मार्गदर्शन पायेगा।

## निर्वाचन आयोग और आरएसएस पर झामुमो ने साधा निशाना

# निर्वाचन आयोग और आरएसएस की कोशिश कुछ लोगों को राजनीतिक शक्ति देना : सुप्रियो

**झामुमो ने बिहार निर्वाचन आयोग के शुरू किये गये गहन मतदाता पुनरीक्षण का विरोध किया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झामुमो ने बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किये गये गहन मतदाता पुनरीक्षण का विरोध किया है। साथ ही कहा है कि निर्वाचन आयोग का यह कदम बिहार चुनाव से पहले वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा करने की कोशिश है ताकि राष्ट्रपति शासन का प्लॉट तैयार हो सके। इसके साथ-साथ आरएसएस के सर-कार्यवाह होसबोले के बयान को भी संविधान विरोधी करार दिया है, जिसमें उन्होंने संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने की मांग की है। शनिवार को झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि निर्वाचन आयोग और आरएसएस की कोशिश हो रही है कि देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक शक्ति मुट्ठी भर लोगों में सिमट जाये, जो भाजपा को अपनी पार्टी मानते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवाद और पंथ निरपेक्ष शब्द को हटाने की मांग करनेवालों से पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भारतीय संविधान की धाराओं में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में अब समाजवाद की जगह एक नया शब्द आनेवाला है-नमो अंब अडाणी। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में शुरू किये गये गहन मतदाता पुनरीक्षण में आधार कार्ड और इपिक नंबर को भी दस्तावेज के रूप में स्थान नहीं दिया गया है। ऐसे-ऐसे दस्तावेजों की मांग की गयी है जो 90 फीसदी ग्रामीणों के पास नहीं हैं। इससे गरीबों, दलितों और कमाने के लिए बिहार से बाहर गये मतदाताओं के नाम कटेंगे। इसका सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग और आरएसएस मिल कर मतदाताओं के मौलिक अधिकार को छीनने में जुटा है। यह बिहार में बीजेपी की सुनिश्चित हार से बचाने की असफल कोशिश है। उन्होंने कहा कि गहन मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से भाजपा को मजबूत करने की यह कोशिश अब झारखंड में भी शुरू होगी। पूरे देश में होगी।

### बिहार में इंडिया गठबंधन और हेमंत के नेतृत्व में झामुमो लड़ेगा चुनाव

बिहार में इंडिया गठबंधन द्वारा 243 सीटों का बंटवारा कर लिये जाने और उसमें झामुमो को महत्व नहीं दिये जाने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अभी अंत बाकी है। बिहार में झामुमो महागठबंधन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। सीटों के बंटवारे पर उन्होंने यह कह कर सवाल टाल दिया कि अभी सीटों के बंटवारे का अंत बाकी है।

### गुरुजी आराम कर रहे थे, चरण स्पर्श कर लौट आया

गुरुजी के स्वास्थ्य के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वह उन्हें देखने दिल्ली गये थे। गुरुजी सोए हुए थे। वह गुरुजी का चरण स्पर्श कर रांची लौट आये। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह जल्द स्वस्थ होकर रांची आ जायें।

## सुप्रियो के बयान पर भाजपा का पलटवार

# बिहार की नहीं, झारखंड की चिंता करे झामुमोः प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने शुक्रवार को झामुमो प्रवक्ता के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झामुमो बिहार की नहीं, झारखंड की चिंता करे। बिहार में तो वे बिना बुलाये मेहमान की तरह टहल रहे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों को चाहे कांग्रेस हो या झामुमो या राजद सभी को देश की संवैधानिक संस्थाओं से परेशानी है। इन्हें न संसद पर भरोसा है न संविधान पर और न ही संवैधानिक संस्थाओं पर। उन्होंने कहा कि जिस चुनाव आयोग पर ये बार-बार हमला बोलते हैं, उसी चुनाव आयोग के परिणाम से सत्ता में बैठे हैं, लेकिन जब इन्हें हार का भय सताता है तो फिर इन्हें सब गलत लगने लगता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण का कार्य कोई पहली बार नहीं हो रहा है बल्कि हर चुनाव में होता है। चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का चुनाव हो। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के पास कई स्तर से सुझाव एवं शिकायतें आती हैं। उसके आलोक में चुनाव आयोग निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होता है। वर्मा ने कहा कि यदि मतदाता पुनरीक्षण होता है तो यह सभी दलों के लिए होता है। कोई दल विशेष के लिए तो नहीं होता है। जो मतदाता सूची बनती है उसके आधार पर सभी दलों के लिए मतदान होते हैं फिर इतना हाय तौबा मचाने के पीछे झामुमो को कौन सा भय सता रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव की तिथियों को लेकर भी झामुमो ने अनेक प्रकार की शंकाएं खड़ा करते हुए जनता को दिग्भ्रमित करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि दरअसल झामुमो ,कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन को लोकतंत्र पर भरोसा नहीं है। ये वोट बैंक, तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। इसलिए कोई भी सुधारवादी कदम इन्हें नहीं पचता है। उन्होंने कहा कि झामुमो अपने जनादेश का सम्मान करते हुए झारखंड के विकास की चिंता करे तो ज्यादा भला होगा।

## झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन के अधिवेशन में 500 प्रतिनिधि हुए शामिल

# पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से हुआ चयन, शिबू फिर बने केंद्रीय अध्यक्ष

**निजीकरण, चार श्रमिक कोड का विरोध समेत अन्य प्रस्ताव पारित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** रांची स्थित सीएमपीडीआइ रविंद्र भवन में झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन एवं झारखंड श्रमिक संघ का केंद्रीय महाधिवेशन संपन्न हुआ। महाधिवेशन को संचालन अध्यक्ष मंडली में शिबू सोरेन, माथुर प्रसाद महतो, विनोद पांडेय, विजय हांसदा एवं फागू बेसरा तथा संचालन मंडली में संजीव बेदीया, जय नारायण महतो, शैलेंद्र मैथी, अखिलेश महतो उर्फ राजू ने किया। इस महाधिवेशन को मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। इस महाधिवेशन में लगभग पांच सौ प्रतिनिधि शामिल हुए। महाधिवेशन में कई प्रस्ताव पारित किया गया है। निजीकरण, मजदूर विरोधी चार श्रमिक कोड का विरोध मजदूरों व विस्थापितों के अधिकार के लिए संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। विस्थापित रैयतों को भूमि का मुआवजा बाजार दर के चार गुना देने सभी योग्य अठारह वर्ष से ऊपर विस्थापित बेरोजगारों को नौकरी पुनर्वास के तहत 25 डिसमिल भूखंड में निर्मित पक्का मकान भूमि के बदले भूमि कोल इंडिया में रैयतों को शेयर पॉटर बनाना शामिल हैं। कोल इंडिया का पुनर्वास नीति 2012 को संशोधन कर पुनर्वास भु-अर्जन कानून 2013 के मुताबिक बनाने का मांग किया गया है। बंदोबस्त गैरमौजूरवा खास एवं वन भूमि अधिकार के तहत प्राप्त वन पट्टा धारित रैयतों को मुआवजा देने की मांग शामिल है। साथ ही 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन शामिल होगा। केंद्रीय महाधिवेशन में अगले कार्यकाल के लिए केंद्रीय समिति सदस्यों का घोषणा एवं कार्यकारणी सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। सर्वसम्मति से झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन का केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, उपाध्याय मथुरा प्रसाद महतो, विनोद कुमार पांडेय, महासचिव फागू बेसरा, सचिव जय नारायण महतो, कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी चुने गये। झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, महासचिव फागू बेसरा, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र मैथ्यू, कोषाध्यक्ष संजीव बेदिया चुने गये।

# कांग्रेस ने मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा : जफर इस्लाम

**पीएम मोदी मुस्लिमों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना चाहते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ-सबका विकास में विश्वास करती है। भाजपा किसी का तुष्टीकरण नहीं करती। जो जरूरतमंद हैं उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यह मोदी सरकार की सोच है। आज केंद्र सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव के मुस्लिम समाज तक पहुंच रही हैं। जफर इस्लाम शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस ने 60 वर्षों तक अपने शासन काल में मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा और आज भी ऐसा ही समझ रही, लेकिन आज समाज जाग चुका है। प्रधानमंत्री मोदी गरीब मुस्लिम समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना चाहते हैं। इसलिए धार्मिक मामलों में बिना हस्तक्षेप किये समाज के हित में कानून बनाये जा रहे। वक्फ संशोधित कानून में धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। केवल कानून के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में संशोधन किये गये हैं जिससे करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचेगा। वक्फ में मुस्लिम समाज के लोग गरीबों के कल्याण के लिए दान देते हैं। लेकिन चंद लोग उसपर मनमानी करते हुए उसका या तो निजी उपयोग करते हैं यह फिर औने-पौने दाम पर करोड़ों की संपत्ति को लीज में दे देते हैं। जिस कारण जो लाभ समाज को मिलना चाहिए था वह नहीं मिल पाता। जितनी संपत्ति वक्फ के पास है उससे करोड़ों गरीब मुसलमानों तक स्कूल, अस्पताल, यूनिवर्सिटी, कॉलेज की सुविधा पहुंचाई जा सकती है लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं की गयी। आज मोदी सरकार ने इस दिशा में कानून के माध्यम से पहल की है। वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में गैर मुस्लिम को शामिल किया गया जो बिल्कुल सही है। योग्य लोगों की सहायता से वक्फ संपत्ति का प्रबंधन ठीक होगा। आय में कई गुना वृद्धि होगी, इसका फायदा समाज को मिलेगा। धार्मिक मामले तो मुस्लिम समाज के लोग ही देखेंगे। न्यायालय ने भी नये कानून को सही ठहराते हुए केवल कुछ जानकारियां चाही हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी भले ही शायरी के माध्यम से शब्दों का खेल खेल सकते हैं लेकिन संशोधित वक्फ कानून का विरोध कर मुस्लिम समाज का भला नहीं कर सकते। कांग्रेस के दुष्प्रचार और विरोध के बावजूद यह संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से पारित और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बना हुआ कानून है। यह गरीब मुस्लिम समाज के चेहरों पर मुस्कान लाने वाला है। कांग्रेस को लोगों को गुमराह करने से बाज आना चाहिए। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा को संविधान से चिढ़ है : कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनल शांति ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दिलीप सिंह के बयान ने भाजपा की संविधान विरोधी मंशा को उजागर कर दिया है। उन्होंने आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने की बात कही है. नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान बचाने की लड़ाई जारी है। भाजपा को संविधान से चिढ़ है क्योंकि यह समानता, अधिकार, न्याय और देश की अखंडता की बात करता है।

### तो संविधान बदलने की शुरू हो जाती प्रक्रिया

सोनाल शांति ने कहा कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 सीटें मिलती तो संविधान बदलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती। भाजपा की स्पष्ट मंशा है कि वह हजारों वर्ष पहले की वर्ण व्यवस्था को देश में लागू करे, लेकिन भारतीय संविधान उन्हें ऐसा करने से रोकता है। धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द संविधान की आत्मा हैं और देश की जनता को अभिमान है। समाजवाद शब्द की मंशा है कि सभी नागरिकों को समान अवसर और अधिकार मिले, जबकि धर्मनिरपेक्ष शब्द दर्शाता है कि राज्य का कोई धर्म नहीं होगा।

### भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर

सोनाल शांति ने भाजपा के दोहरे चरित्र का खुलासा करते हुए कहा कि भाजपा के अपने संविधान में समाजवाद और सेकुलरिज्म शब्द हैं, लेकिन भाजपा के नेता संविधान की प्रस्तावना से इसे हटाना चाहते हैं। भाजपा की इस मंशा को देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# राज्य सरकार ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा है कि राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत ने झारखंड के नौकरी की आस लगाये बैठे हजारों युवाओं के सपनों को कुचल कर रख दिया है। एक ओर जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा परिणाम पर उच्च न्यायालय की रोक अब तक जारी है, और सीआइडी हर बार अधूरी जांच का बहाना बनाकर समय को घसीटती जा रही है। दूसरी ओर, सरकार ने जिस परीक्षा कैलेंडर को बड़े दावे के साथ जारी किया था, उस पर अमल करने की जिम्मेदारी निभाने में अधिकारी पूरी तरह नाकाम रहे हैं। हर बीतता दिन युवाओं की उम्मीदों को कमजोर कर रहा है, लेकिन बीते साढ़े पांच साल तो मानो उनके भविष्य पर एक भारी बोझ बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता का परिचय दे और जल्द से जल्द बहाली की प्रक्रिया शुरू करे।

# चंपाई सोरेन का बड़ा एलान : भोगनाडीह में मनायेंगे हूल दिवस कहा- वीरों की धरती पर फिर होगा 'हूल'

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर आगामी 'हूल दिवस' को भोगनाडीह में मनाने की घोषणा की है। उन्होंने अपने संदेश में आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व पर मंडराते खतरों को उजागर करते हुए मौजूदा सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाये। चंपाई सोरेन ने अपने पोस्ट में लिखा, जोहार साथियों, और बताया कि इस बार 'हूल दिवस' भोगनाडीह में मनाया जायेगा, ताकि आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व के आंदोलन को एक नयी दिशा मिल सके। उन्होंने 170 साल पहले हुए संथाल हूल को याद करते हुए कहा आज से 170 साल पहले, जब फोन नहीं था, संवाद के साधन नहीं थे, गाड़ी नहीं थी, तब भी हमारे समाज के इन नायकों ने आदिवासी समाज को, हमारी परंपरा को और हमारी संस्कृति को बचाने के लिए हजारों-लाखों लोगों को एकजुट कर के, अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। वर्तमान स्थिति पर उन्होंने कहा, आज हमारे समाज की जमीन पर बांग्लादेशी घुसपैठिये कब्जा कर रहे हैं। हमारी बहु-बेटियों की अस्मिता खतरे में है। संथाल परगना समेत पूरे झारखंड में हमारा अस्तित्व खतरे में है। इसके अलावा पेसा कानून को लेकर उन्होंने कहा, राज्य सरकार पेसा को लागू नहीं करना चाहती है। सरकारी योजनाओं का लाभ हमारे समाज को नहीं मिल पा रहा। इस परिस्थिति को बदलना होगा। इसलिए हम लोग भोगनाडीह में वीर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो और बाबा तिलका मांझी समेत सभी वीरों को नमन कर के, उनके दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। वीरों की इस धरती से फिर एक बार 'हूल' होगा।



# वक्फ संशोधन बिल मामले में भाजपा परोस रही झूठ : कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वक्फ संशोधन बिल मामले में भाजपा देश के सामने सिर्फ झूठ परोस रही है। देश का हर मुस्लिम जानता है कि भाजपा मुसलमान की हितैषी नहीं है। भाजपा ने इस बिल के माध्यम से बताने का प्रयास किया है कि यह देश संविधान और कानून से नहीं, बल्कि भाजपा के कानून से चलेगा।

उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। उन्होंने कहा कि जो भाजपा अपने दल में मुस्लिम को टिकट नहीं देती वह उनकी संपत्ति को संरक्षित करने की बात कह रही है तो यह नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली चली हज करने जैसे कहावत चरितार्थ करने जैसा है। राकेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड की जनता भाजपा के बनावटी चेहरे को पहचान चुकी है। उन्होंने जफर इस्लाम पर तंज कसते हुए कहा कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां के दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक डर के साये में जीने को विवश हैं।

## झारखंड के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों में आज भारी बारिश की आशंका

**रांची।** राज्य के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों में रविवार को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की आशंका है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी। जिन जिलों में भारी बारिश की आशंका व्यक्त की गयी है उनमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं। इधर, राज्य भर में दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून सक्रिय है। एक जून से 27 जून तक राज्य में 160.2 की तुलना में 298.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी है जो सामान्य से बारिश से 86 प्रतिशत अधिक है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश खूंटी में 105 मिमी रिकॉर्ड की गयी। वहीं इस दौरान रांची में 25 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में शनिवार को बादल छाये रहे और बीच-बीच में हल्की बारिश की फुहार पड़ी। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.6, जमशेदपुर में 31.3, डालटेनगंज में 30.8, बोकारो में 32.5 और चाइबासा में 31.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल, एदलहातु मोरहाबादी, रांची में शनिवार को चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्री-नर्सरी से लेकर 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रारंभिक वर्ग में प्री-नर्सरी से अनन्या सिंह, नर्सरी से आर्यन, तथा केजी वर्ग से एनी टोपो ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। ग्रुप बी (कक्षा 1 से 4) में जीनत परवीन (कक्षा 4 'ए') ने प्रथम, आकृति तिर्की (कक्षा 1 'बी') ने द्वितीय, तथा मनीष रॉय (कक्षा 4 'ए ') और नेली टूटी (कक्षा 1 'ए') ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी (कक्षा 6 से 10) में स्वीटी कुमारी (कक्षा 8) ने प्रथम, नेहा परवीन (कक्षा 8) ने द्वितीय, तथा सोनम कुमारी (कक्षा 10) और श्रेया कुमारी (कक्षा 7) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चित्रकला न केवल बच्चों की कल्पनाओं को उड़ान देती है, बल्कि उन्हें भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम भी सिखाती है। सचिव सीमा शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की रचनाएं हमारे भविष्य को सकारात्मक दिशा की झलक देती हैं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, निधि कुमारी सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बीजेपी-आरएसएस बहुजन विरोधीः कैलाश यादव

**संविधान से 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' हटाने का सपना कभी पूरा नहीं होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने आरएसएस के कार्यवाहक सरसंघचालक दत्तात्रेय होसबोले और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्वा सरमा के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने संविधान की मूल प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' शब्द हटाने की बात कही है। कैलाश यादव ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन और बौद्ध धर्मों को मानने वाले करोड़ों लोग रहते हैं। इन सभी की भाषा, खान-पान, रहन-सहन और संस्कृति अलग है, फिर भी एकता के सूत्र में बंधे हैं। आजादी के 75 वर्षों बाद भी भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां देश की 80 फीसदी आबादी अब भी 5 किलो मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस की संविधान विरोधी सोच अब पूरी तरह सामने आ चुकी है। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के कई नेता और सांसद 400 सीटें जीतने के बाद संविधान बदलने की बात कर चुके थे, और अब वही बात आरएसएस के शीर्ष नेता दत्तात्रेय होसबोले और मंत्री शिवराज सिंह चौहान खुलकर कह रहे हैं। यादव ने आगे कहा कि आजादी से पहले और उसके बाद भी भाजपा और आरएसएस, कभी हिंदू महासभा के नाम से, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का विरोध करते रहे हैं। जबकि डॉ अंबेडकर ने भारत के बहुजन समाज, सामाजिक न्याय और न्यायिक संप्रभुता की रक्षा के लिए एक मजबूत संविधान का निर्माण किया। इस संविधान ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को स्पष्ट अधिकार देने के साथ-साथ बहुमत के दुरुपयोग, जनविरोधी कानूनों और असंवैधानिक फैसलों पर अंकुश लगाने की व्यवस्था भी की।

राजद नेता ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' जैसे शब्द हटाने की आरएसएस-भाजपा की मंशा देश के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। ये दोनों शब्द देश की बहुजन आबादी की रक्षा, सामाजिक एकता और न्याय की गारंटी हैं।

# रांची विवि में वन महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, मोरहाबादी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शनिवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं में प्रथम स्थान बब्लू प्रसाद सुमन, द्वितीय स्थान रश्मि सिंह और तृतीय स्थान सुमेधा कुमारी रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सत्य मिश्रा, द्वितीय स्थान अमन तिवारी और तृतीय स्थान अनामिका रही। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ हैप्पी भाटिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक के रूप में डॉ मतंक मिश्रा, निशिकांत प्रसाद और उदय प्रताप सिंह शामिल थे। यह कार्यक्रम 7 जुलाई, 2025 तक चलेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और वनस्पति के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है।

# सुधा सिन्हा की जयंती पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** कांटाटोली स्थित वाइएमसीए परिसर में शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। झारखंड और पूर्वी भारत की पहली महिला पत्रकार रहीं स्वर्गीय सुधा सिन्हा की जयंती पर सुधा एंड अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट और वाइएमसीए कांटाटोली डीवीसी के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य जांच में शुगर और बीपी जांच आरपीएस अस्पताल बरियातू, दांत से जुड़े रोगों के जांच के लिए सुश्रुत दंतालय, नेत्र जांच साइट फॉर विजन के डॉक्टर और मेडिकल टीम की सहायता से जांच और दवाओं का वितरण किया गया। रक्तदान में ट्रस्ट के साथ सदर अस्पताल रांची के ब्लड बैंक टीम ने रक्तदाताओं के 15 यूनिट ब्लड डोनेट किये गये। वहां मौजूद लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वरीय ऑर्थोपेडिक सर्जन रांची डॉ परितोष प्रसाद विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने अपने अध्यक्षीय भाषण से किया। इसमें उन्होंने झारखंड के लोगों से मानवीय कार्यों में पहल करने और पक्के इरादे से अच्छी शुरूआत करने के महत्व को समझाया। स्वर्गीय सुधा सिन्हा से जुड़ी संस्मरणों को भी साझा किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी अधिवक्ता शुभ नारायण दत्त ने बताया कि अपने जीवन काल में स्वर्गीय सुधा सिन्हा झारखंड की महिलाओं बच्चे और बच्चियों के गिरते स्वास्थ्य के स्तर को लेकर बहुत चिंतित रहती थीं। अपने जीवन काल में भी इसे सुधारने के लिये उन्होंने कई प्रयास किये थे। उन्हीं प्रयासों को इस ट्रस्ट के माध्यम से आगे बढ़ने का काम किया जा रहा। आरपीएस अस्पताल से विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे डॉ सरफराज आलम, मो. अली और उनके सहयोगी मेडिकल टीम, आइ हॉस्पिटल सेंटर फॉर साइट से डॉ सोनिया कुमारी, मार्केटिंग विभाग से राजकुमार, रंजन प्रताप सिंह, राजीव भगत, सुश्रुत दंतालय से डॉ मनीषा, डॉ शालू कुमारी सिंह और मार्केटिंग से महेंद्र उपस्थित रहे। ब्लड बैंक सदर अस्पताल रांची से मो हाशिम, मो इमरान, शालिनी, अंकिता, डॉ सुभाष, डॉ हरेंद्र के संग सदर अस्पताल से जुड़े नर्स और सहिया बहनें भी मौजूद रहीं। जर्मनी से आई वालंटियर सालोमी वमलॉफ ने उपस्थित लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के जीवन शैली के लिए विशेष रूप से जागरूक किया।

# सुदेश की छवि धूमिल करने के प्रयास में हैं विरोधी : देवशरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि पार्टी प्रमुख सुदेश महतो की ओर से किसी अन्य विधानसभा, जिला या अन्य राज्य से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है। इस संबंध में कुछ मीडिया में चल रही खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। भगत ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने ऐसी खबरें उड़ाने के पीछे सुदेश विरोधियों का हाथ बताया, जो उनकी छवि धूमिल करने का बार-बार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुदेश महतो के बढ़ते ग्राफ से आजसू विरोधी घबरा गये हैं और उनकी छवि खराब करने की साजिश कर रहे हैं। डॉ भगत ने कहा कि पार्टी के विधि प्रकोष्ठ को निर्देश दिया गया है कि अगर इस संबंध में किसी ने सुदेश महतो के नाम से किसी अन्य स्थान पर कोई आवेदन दिया है तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। डॉ भगत ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व भी सुदेश महतो के एक वीडियो में छेड़छाड़ कर उनकी छवि खराब करने की साजिश की गयी थी। इसके खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा थानों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## निगम और ट्रैफिक पुलिस ने हटाया अतिक्रमण

**रांची (आजाद सिपाही)। नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से शनिवार को लालपुर से कोकर रोड तक बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे लगे ठेले, गुमटी, खोमचे, अवैध दुकानों और नाली के ऊपर बनाये गये निर्माण को हटाया गया।**

# इंटर हाउस चेस और कैरम प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित संत माइकल्स पब्लिक स्कूल, न्यू अशोक नगर, रांची में शनिवार को विद्यार्थियों के बीच इंटर हाउस शतरंज (चेस) और कैरम बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पंचम से दशम तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रावणी पांडेय के द्वारा की गयी, उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, टीम वर्क और मानसिक विकास को भी बढ़ावा देता है। शतरंज (चेस) में बॉयज वर्ग में निपुण (कक्षा 9, ऐलो हाउस) और गर्ल्स वर्ग में जिया अग्रवाल (कक्षा 8, एलो हाउस) विजेता रहे। कैरम बोर्ड में बॉयज वर्ग में हर्ष (कक्षा 9, रेड हाउस) और शान (कक्षा 8, रेड हाउस) विजेता रहे, जबकि गर्ल्स वर्ग में दीप्ति (कक्षा 7, ब्लू हाउस) और चंद्रावती (कक्षा 8, ब्लू हाउस) विजेता रहीं। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के निदेशक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा और रमाकांत प्रसाद ने सभी विजयी छात्रों को ट्रॉफी प्रदान किया।

# श्री श्याम मंदिर में 161वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

**मंगलवार को सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 161 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, शंभुनाथ चौधरी, रीता, संजीत, रंजना, आदित्य, अदिति और परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। चौधरी परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। लगभग 25 सौ से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निर्देशानुसार शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में वरिष्ठ सदस्य और पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, गोपाल मुरारका, राजेश ढानढनिया, राहुल मारू, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, रोहन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, कौशल चौधरी, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडेय सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग किया। उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# श्री धोली सती दादी का मंगल पाठ और भजन-कीर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री धोली सती दादी महिला समिति द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ के आवास में शनिवार को धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से परिपूर्ण वातावरण में श्री धोली सती दादी जी का अलौकिक श्रृंगार, मंगल पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में संजय सर्राफ सपत्नीक ने दादी जी के समक्ष विधिवत ज्योत प्रज्ज्वलित कर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना व भोग लगाया गया। तत्पश्चात मंगल पाठ व भजन गायिका शशि सर्राफ ने दादी जी की मंगल पाठ और मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराया। भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संजय सर्राफ ने कहा कि श्री धोली सती दादी जी की आराधना से मानसिक शांति और आत्मिक बल की प्राप्ति होती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नयी पीढ़ी को भी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर सविता सर्राफ, मंजू सर्राफ, आशा सर्राफ, करुणा बागला, शशि सर्राफ, ममता सर्राफ, मधु सर्राफ, कांता सर्राफ, अनीता अग्रवाल, अनुराधा सर्राफ, मीना शाह, अंशु अग्रवाल, संध्या शाह, अनीता सर्राफ, उमा सर्राफ, आयुषी, तान्या, सृष्टि, श्रेया, अनिकेत, अनु, खुशबू, सहित अन्य भक्त मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

# अवैध बालू लदे ट्रक ने मारी नामकुम थाना प्रभारी की गाड़ी में टक्कर

## थाना प्रभारी और बॉडीगार्ड गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार और उनके बॉडीगार्ड एक सड़क हादसे में घायल हो गये हैं। यह हादसा तब हुआ, जब उनकी बोलेरो को अवैध रूप से बालू लादकर जा रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति गंभीर है। यह घटना नामकुम थाना क्षेत्र के टाटा रोड में प्लांडु के पास हुई है।

बताया जा रहा है कि पुलिस की गाड़ी देखकर बालु लदा ट्रक के चालक भागने को कोशिश किया। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी और टर्बो ट्रक में जोरदार टक्कर हो गयी। इससे दोनों वाहन सड़क पर ही पलट गये।

थाना प्रभारी के बोलेरो गाड़ी के प्राइवेट चालक विजय कुमार को कुछ नहीं हुआ है। वहीं बोलेरो में आगे सीट पर बैठे बॉडीगार्ड अमित कुमार और बीच वाली सीट पर बैठे थाना प्रभारी मनोज कुमार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं, ट्रक चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया । स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही मौके पर नामकुम थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी पहुंचे। दोनों घायलों को वहीं पर एक अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने घायल पुलिस वाले कि स्थिति देखकर तुरंत रेफर कर दिया गया। इधर घायल थाना प्रभारी को लालपुर इलाके में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज किया जा रहा है। वहीं अस्पताल में घायलों को देखने एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचे हैं।

वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस गाड़ी को देखकर बालू गाड़ी भागने का प्रयास किया लेकिन सामने पुलिस की गाड़ी आ गयी और अवैध बालू लदा ट्रक चालक ने पुलिस की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। आशंका जतायी जा रहा है कि जान बूझकर ट्रक चालक ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारी है।

**यह दुर्घटना अवैध बालू के कारोबार को उजागर करती है :** सरकार द्वारा रोक लगाये जाने के बावजूद, इलाके में बालू माफिया धड़ल्ले से अवैध खनन और परिवहन का काम कर रहे हैं। नामकुम थाना क्षेत्र में बालू माफिया का बोलबाला है। यहां हर दिन करीब 150 से अधिक ट्रक बालू का परिवहन किया जाता है।



### तेज रफ्तार बस और ट्रक की टक्कर में ट्रक चालक केबिन में फंसा

इधर कुछ देर बाद दूसरी सड़क दुर्घटना नामकुम थाना से 50 मीटर की दूरी स्थित आचार्यकुलम स्कूल के सामने तेज रफ़्तार बस एवं 709 ट्रक में सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर में दोनों वाहन के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक का चालक केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस चालक को बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया। शाहिद बस (जेएच 05डीएल6812) रांची की ओर आ रही थी। तेज रफ्तार एवं ओवरटेक के दौरान बुंडू की और जा रहो ट्रक (जेएच 01सीवी4894) को टक्कर मार दी।

# जगन्नाथपुर मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जगन्नाथपुर रथयात्रा के बाद मौसीबाड़ी पहुंचे जगन्नाथ स्वामी अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी मंदिर धुर्वा में विराजमान हैं। जहां शनिवार को वैधानिक रीति-रिवाजों से पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान किया गया। रथ मेले में पहुंचे लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। मुख्य मंदिर के दर्शन के साथ ही श्रद्धालु सुसज्जित मौसीबाड़ी जाकर महाप्रभु जगन्नाथ भगवान, सुभद्रा और बलभद्र की पूजा-अर्चना की। मौके पर भगवान के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान जगन्नाथ का जयघोष किया।

जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी के अनुसार तीनों श्री विग्रहों की सुबह आरती और मंगलध्वनि के साथ दिन की शुरूआत हुई। पुजारियों ने विधिवत भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पूजा-अर्चना की। इसके बाद भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। दोपहर में महाभोग अर्पित किया गया। इसमें खिचड़ी, दही, फल और मिठाइयां शामिल थीं। शाम को दीप आरती और झांकी दर्शन का आयोजन हुआ। इसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद रात्रि आठ बजे श्यनम की विधि पूरी की गयी।

इधर, मौसीबाड़ी परिसर समेत मुख्य मंदिर के आसपास लगे रथ मेला में भारी भीड़ रही। दूर दराज से आये लोगों ने अपने बच्चों के लिए खिलौनों खरीदे और लगे विभिन्न स्टॉल पर चाट-छोले का आनंद उठाया। वहीं स्थानीय कलाकारों ने छऊ नृत्य, किर्तन और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति ने मेला घुमने पहुंचे लोगों का मनोरंजन किया।

इस बीच प्रशासन की ओर से जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। महिला पुलिस बल, स्वास्थ्य शिविर और आपात सहायता केंद्रों में मौजूद सदस्य सक्रिय रहे। मौसीबाड़ी में रुकने के बाद भगवान घूरती रथ में फिर से रथ में सवार होकर पुनः मुख्य मंदिर लौटेंगे।

# फैशन प्वॉइंट वेडिंग झारखंड एक्सक्लूसिव एग्जिबिशन एक से

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** फैशन प्वॉइंट आपके लिए लेकर आ रहा है अपना 75वां भव्य एडिशन वेडिंग झारखंड, जहां शादी और त्योहार से जुड़ी हर जरूरत एक ही छत के नीचे मिलेगी। 1 और 2 जुलाई को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित इस दो दिवसीय एग्जीबिशन में देश के कोने-कोने से आए बॉलीवुड और टॉलीवुड के नामी डिजाइनर, ब्रांड्स, और हैंडमेड प्रोडक्ट्स हिस्सा ले रहे हैं। ब्राइडल वियर से लेकर ईजी वियर,राखी से लेकर गिफ्ट आइटम्स, होम डेकोर से लेकर ट्रेडिशनल ज्वेलरी, हर चीज रांचीवासियों के लिए खास तौर पर लाई जा रही है। एंड क्राफ्ट स्टोल, डिजिटल प्रिंटेड सिल्क स्कार्फ, पशमीना जरी स्टॉल इन फॉर्मल वेडिंग बर के अलावा ऑर्गेनिक कॉटन के स्टोल, मॉडल सिल्क के साथ-साथ विभिन्न स्टोल भी लाइटवेट में उपलब्ध होंगे।

दिल्ली, मुंबई, लुधियाना, बेंगलुरु, लखनऊ, कोलकाता और बनारस जैसे शहरों से शानदार डिजाइनर और ब्रांड्स इसमें हिस्सा ले रहे हैं। बेंगलुरु के फेमस डिजाइनर-संजय और शैमी चोरारिया की खास प्रस्तुति चोला उपलब्ध होगी। साल 1995 से फैशन की दुनिया में अपनी पहचान बना चुके डिजाइनर संजय और शैमी चोरारिया पहली बार रांची आ रहे हैं। उनकी ब्रांड CHOLA भारतीय परंपरा और मॉडर्न लुक का सुंदर मेल है। वे कपिल शर्मा, करीना कपूर, और कई बॉलीवुड सितारों के साथ काम कर चुके हैं। उन्हें माधुरी दीक्षित, सोनम कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर जैसे सितारों से कई पुरस्कार मिल चुके हैं। रांची के फैशन प्रेमियों के चहेते डिजाइनर अभिषेक रे एक बार फिर अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शन के साथ शामिल हो रहे हैं। झारखंड की प्रसिद्ध डिजाइनर ख्याति अपने बुटीक "Khayati… The Boutique" के साथ ला रही हैं एक शानदार कलेक्शन, जिसमें हैं कॉकटेल ड्रेसेज, इंडो-वेस्टर्न और एलिगेंट साड़ियां। हर पोशाक में झलकती है, उनकी बेजोड़ कला, मॉडर्न स्टाइल और परंपराओं का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा।

# मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन एंटसे से मिले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को एंटानानारिवो में मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन एंटसे से मुलाकात की। उन्होंने मेडागास्कर के पीएम को स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही विजन महासागर के अनुरूप, भारत के साथ विकास संबंधी अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने की मेडागास्कर की प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया।

संजय सेठ ने कहा कि यह मुलाकात आने वाले दिनों में भारत और मेडागास्कर के संबंधों को और भी दृढ़ता प्रदान करेगा।

# टाटा स्टील के ठेका मजदूरों ने वेतनवृद्धि को लेकर जुगसलाई गेट पर किया विरोध-प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रहे टाटा स्टील के ठेका मजदूरों ने उचित वेतन की मांग को लेकर शनिवार को जुगसलाई गेट के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पीएमसीसी, मनोरत, यूनाइटेड, इकनकीम कंपनियों के करीब 300 मजदूरों ने ठेकेदारों पर शोषण का आरोप लगाते हुए कहा वर्षों से 8 घंटे काम के बदले सिर्फ 781 रुपये दिये जा रहे हैं, जबकि वे 10 घंटे का वेतन चाहते हैं। मजदूरों ने बताया सिर्फ पीएमसीसी ने 1 जुलाई से वेतन बढ़ाने का लिखित आश्वासन दिया है, लेकिन अन्य ठेकेदारों ने कोई सुनवाई नहीं की। फैसला न होने पर सभी मजदूरों ने एकमत होकर काम पर न लौटने का निर्णय लिया है। उन्होंने चेतावनी दी जब तक ठेकेदार वेतन बढ़ोतरी पर सहमत नहीं होते, विरोध जारी रहेगा।

# इंटरैक्ट क्लब ने शुरू किया पंचायत भवन लाइब्रेरी को सपोर्ट करने का अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में स्थापित लाइब्रेरी को किताबें उपलब्ध करा कर सपोर्ट करने का अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गठित इंटरैक्ट क्लब के द्वारा रोटरी क्लब रांची के सहयोग से शुरू हुआ है। शनिवार को सुंदर नगर पंचायत भवन में आयोजित सादे समारोह से इस अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के तहत लाइब्रेरी को प्रतिमाह बच्चों और ग्रामीणों के लायक विभिन्न हिंदी और अंग्रेजी मैगजीन उपलब्ध कराया जायेगा। अभियान की शुरुआत करते हुए रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि यह अभियान बच्चों और ग्रामीणों के ज्ञान को समृद्ध करेगा। ज्ञान फैलाने के इस मुहिम का हिस्सा बनकर हमारा क्लब गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सबसे बड़ी बात कि कुछ दिन पहले ही गठित हुए इंटरैक्ट क्लब ने यह प्रोजेक्ट सोचा और उसे धरातल पर उतारने का प्रयास भी शुरू कर दिया है। इनका यह प्रयास प्रशंसनीय है। आनेवाले समय में इसे और विस्तार देने का प्रयास किया जायेगा। पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष व्यास पांडेय ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि किताबें ज्ञान का समंदर होती है। आधुनिक युग में किताबें पढ़ने का प्रचलन घटा है। यह अभियान लोगों के अंदर फिर से रुचि पैदा करने में कामयाब होगा। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि छोटी-छोटी सी पहल से ही बड़े बदलाव आते हैं। हम अपने कर्तव्य का भी ख्याल रखें और हमेशा समाज को कुछ अच्छा देने का प्रयास करें। इंटरैक्ट क्लब की अध्यक्ष स्मृति टोप्पो ने कहा कि यह हमारा पहला प्रोजेक्ट है। इसे लेकर पूरा क्लब उत्साहित है। क्लब की सचिव रिशु गुप्ता ने कहा कि उपलब्ध कराया जा रहा मैगजीन हर पाठक वर्ग के लिए ज्ञान और मनोरंजन का माध्यम साबित होगा। लोग किताबों से जुड़ेंगे। उपस्थित लोगों के बीच मैगजीन का वितरण करते हुए अभियान को सपोर्ट करने की अपील की गयी। इस अवसर पर पंसस रोहित सोनी, मुख्तार सिंह, रवींद्र सिंह चड्ढा, अमित अग्रवाल, अंकित विश्वकर्मा, सोनम खातून समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में छात्र परिषद के गठन का आयोजन हुआ। वास्तव में यह एक महत्वपूर्ण अवसर होता है जहां नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी, भूमिकाएं तथा विद्यालय के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन की शपथ लेते हैं। विद्यालय में आयोजित इस अलंकरण समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, षिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित थे।

विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह समारोह विकास, परिपक्वता, कर्तव्य एवं युवा छात्रों पर भरोसा करने का प्रतीक है, जो परिवर्तन एवं मार्गदर्षन की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने चयनित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वास्तव में यह अलंकरण समारोह महत्वपूर्ण अवसर है, जो अपने स्कूल के चयनित छात्रों में नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं टीम भावना को विकसित करता है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** – आमदनी से खर्च अधिक होगा, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।

**वृष** – बौद्धिक विकास होगा,रचनात्मक प्रयास सफल होंगे, जमीन-जायदाद संबंधी काम होगा।

**मिथुन** – परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।

**कर्क** – कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी,सेहत में सुधार होगा।

**सिंह** – भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा।

**कन्या** – अपनी कर्तव्यनिष्ठा और वाकपटुता से असंभव सा कार्य भी प्रतिपादित कर सकते हैं।

**तुला** – आर्थिक लाभ के एकाधिक अवसर मिलेंगे, सरकारी पक्ष का सहयोग समर्थन मिलेगा।

**वृश्चिक** – नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रही है, धार्मिक कार्य में रुचि बढ़ेगी।

**धनु** – विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़।

**मकर** – थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,यात्रा सुखद.धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** – कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर, नये लोगों से संपर्क।

**मीन** – बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Sl.No.805 date 26.06.2025. I, SHIWADHAR THAKUR is legitimate father of No. 12994286W, Rank NK/CC Name MANISH KUMAR THAKUR, residing at Jorar VillageP.S. Namkum, Dist.Ranchi, Jharkhand do hereby solemnly affirmed and declare as follows:
1. That I have change my name from SHIWADHAR THAKUR to SHIVADHAR THAKUR, and also my date of birth from 16.02.1956 to 08.01.1958.
sworn and signed on 26th June 2025 at Ranchi.

# रेल मंत्री ने पुरुलिया से हावड़ा के लिए ट्रेन का शुभारंभ किया

## भारतीय रेलवे परिवार के 12 लाख से अधिक सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं : अश्विनी वैष्णव

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता ने नये भारतीय रेलवे की नींव रखी है और उसे साकार करने का कार्य हो रहा है : अश्विनी वैष्णव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** भारतीय रेलवे द्वारा क्षेत्रीय रेल संपर्क और स्टेशन आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुकांता मजूमदार, बिष्णुपुर के सांसद सौमित्र खान, हावड़ा के सांसद प्रसून बनर्जी, रेलवे अधिकारीगण एवं आम नागरिक भी उपस्थित रहे। अपनी यात्रा के दौरान रेल मंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सांतरागाछी स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य स्टेशन को एक आधुनिक और विश्वस्तरीय ट्रांजिट हब में परिवर्तित करना है।

निरीक्षण के उपरांत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन संख्या 08121 - पुरुलिया से हावड़ा तक मेमू सेवा का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। यह सेवा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करती है। इस अवसर पर पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी, बांकुड़ा के विधायक नीलाद्रि शेखर दाना, सत्यनारायण मुखोपाध्याय (छातना), अमरनाथ शखा (ओंदा), दिवाकर घरामी (सनमुखी), निर्मल कुमार धारा (इंडस) समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

रेल मंत्री ने कहा कि यह मेमू सेवा न केवल एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क को पुनर्जीवित करती है, बल्कि ऐतिहासिक बांकुड़ा-दामोदर रेलवे की भावना को भी पुनर्जीवित करती है। पुरुलिया, बांकुड़ा और हावड़ा के लोगों को अब अधिक स्वच्छ, तेज और सुलभ रेल सेवा का लाभ मिलेगा – यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता ने नये भारतीय रेलवे की नींव रखी है। इस सपने को साकार करने के लिए रेलवे परिवार के 12 लाख सदस्य पूरे समर्पण से कार्य कर रहे हैं। जहां कभी अधूरे कामों की लम्बी सूची थी, आज वहां तेजी से प्रगति दिखाई दे रही है। केवल पश्चिम बंगाल में ही 101 स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तीव्र गति से कार्य जारी है। यह केवल विकास नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे का एक नया प्रारूप तैयार हो रहा है। एक ऐसा युग जिसमें 50-60 साल पुराने स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। आज का यात्री गुणवत्ता चाहता है। बेहतर अनुभव चाहता है। यही हम प्रदान कर रहे हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना संख्या :–**
**एस एण्ड टी–सी–डीएचएन–24**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण /पूर्व मध्य रेल/महेंद्रुघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
**ई–निविदा संख्या: एस एण्ड टी–सी–डीएचएन–24, कार्य का नाम:** धनबाद डिवीजन के पूर्व मध्य रेलवे में ट्वीन सिंगल लाइन के संबंध में सिंद्री ब्लॉक हट से कनेक्टिविटी के लिए पाथर्डीह स्टेशन पर मौजूदा क्योसन मेक वितरित (1+2 आर्किटेक्चर) इलेक्ट्रॉनिक्स इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) में परिवर्तन। **अनुमानित लागत : रूपया** 8,63,51,423.48, **अमानत राशि:** रूपया 5,81,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **कार्य निस्पादित करने का समय :** 06 महीना, **ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय :** 17.07.2025 को 15.00 Hrs तक, विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखने के लिए उपलब्ध है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ निर्माण/धनबाद**
**पीआर/501/डीएचएन/टी/25-26/36**

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतू ई–निविदा सूचना**
**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये**
**खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक /विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:
ई–निविदा संख्या–**GeM Bid no. GEM/2025/ B/6384695**
**क्र० सं. 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Part "A"** Manning & Housekeeping of 02 Nos. 'B' Area TRD Maintenance Depots at DHN/ OHE & DHN/S&W and 13 Nos. 'C' Area TRD Maintenance Depots at GMO/OHE, GMO/PSI, HZD/OHE, KQR/PSI, GJD/ OHE, PRP/OHE, CRP/OHE & PSI, GMIA/ OHE, BRKA/S&W, BRKA/OHE, KLRE/ OHE, LTHR/OHE, DTO/OHE & PSI in Dhanbad Division for the period of three years.,**Part "B"** Manning & Housekeeping of 09 Nos. 'C' Area TRD Maintenance (OHE & PSI) Depots at SGRL, CPU, RNQ, NUQ, BRHI, HZBN, KANWAR, NAWADIH & MESRA in Dhanbad Division for the period of three years., Completion period (03) Three Years, कार्य समापन की अवधि– (03) तीन वर्ष, **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 4,49,55,577.00/– निविदा प्रपत्र का मूल्य– शून्य/–, **03. बीड सिक्युरिटि :** 3,74,780/–, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि: 18.07.2025 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि: 18.07.2025 को 11:30 बजे, **05. वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट **www.gem.gov.in**
जेम निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नही किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक /क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/0489/डीएचएन/टीआरडी/टी/25–26/48

# भारत की दो टूक

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) के सम्मेलन में संयुक्त बयान पर हुआ घटनाक्रम चीन और पाकिस्तान का आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

**भारत विरोधी एजेंडा :** बैठक में रक्षा मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि आतंकियों, उनके समर्थकों, फंडिंग करने वालों और सीमा पार से आतंक फैलाने वालों को जवाबदेह ठहराना जरूरी है। लेकिन, जब भारत ने यह प्रस्ताव दिया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाये, तो चीन और पाकिस्तान ने मिल कर इसका विरोध किया।

**असंतुलित नजरिया :** पाकिस्तान की ओर से यह कोशिश की गयी कि बलूचिस्तान में हुई घटनाओं और वहां की स्थिति को संयुक्त बयान में जगह मिले। यह एक सोची-समझी रणनीति थी। वर्तमान एससीओ अध्यक्ष होने के नाते सदस्यों के बीच संतुलन की जिम्मेदारी चीन की थी, लेकिन उसने हमेशा की तरह पाकिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाया। भारत के रुख से उसे झटका लगा है। संयुक्त बयान जारी न होना बड़ी नाकामी है।

**पुरानी चाल :** बलूचिस्तान के मानवीय संकट को आतंकवाद का रूप देकर पाकिस्तान वहां के लोगों पर हो रहे अत्याचारों को छिपाना चाहता है। वह भारत पर झूठे आरोप लगा कर अंतरराष्ट्रीय सहानुभूति बटोरने की पुरानी रणनीति पर चल रहा है। वहीं चीन, जो खुद शिनच्यांग में उइगुर मुस्लिमों के खिलाफ दमनकारी नीतियों के लिए बदनाम है, पाकिस्तान की इसी भाषा का समर्थन कर रहा है। दोनों को ही पता है कि आतंकवाद पर होने वाली किसी भी बात का सिरा पाकिस्तान तक ही पहुंचेगा। चीन ऐसा नहीं होने दे सकता, क्योंकि भारत के खिलाफ इस्लामाबाद उसका मोहरा है।

**वर्तमान एससीओ अध्यक्ष होने के नाते सदस्यों के बीच संतुलन की जिम्मेदारी चीन की थी, लेकिन उसने हमेशा की तरह पाकिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाया। भारत के रुख से उसे झटका लगा है।**

**मकसद भुला दिया :** एससीओ की स्थापना इसलिए की गयी थी, ताकि सोवियत संघ के विघटन के बाद इलाके में शांति और सुरक्षा बनी रहे। इस समूह का प्राथमिक लक्ष्य है - आपसी सहयोग से एक-दूसरे की सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करना। लेकिन, चीन और पाकिस्तान ने एससीओ की इस मूल भावना के विपरीत काम किया है। अपने तुच्छ हितों के लिए उन्होंने ऑर्गनाइजेशन के मकसद को भुलाकर कूटनीतिक संकट पैदा कर दिया।

**संगठन पर असर :** संयुक्त बयान को आतंकवाद के मुद्दे से भटका कर चीन और पाकिस्तान ने संगठन की विश्वसनीयता व उद्देश्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जब कोई संगठन अपने ही मूल सिद्धांतों से पीछे हटने लगे, तो फिर उसका अंतरराष्ट्रीय कद और प्रभाव भी गिरने लगता है। एससीओ इसका शिकार न हो, इसके लिए दूसरे सदस्य देशों को चीन-पाकिस्तान की चालबाजियों को समझना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री प्रारंभिक करियर अनुसंधान अनुदान के माध्यम से 6,900 से अधिक युवा वैज्ञानिकों को सशक्त बनाने और समावेशी अनुसंधान अनुदान के तहत 1,754 एससी/एसटी शोधकर्ताओं को सहायता देने के साथ अब हमने यह सुनिश्चित किया है कि वैज्ञानिक उत्कृष्टता कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि अनेक लोगों की तलाश है, लेकिन हम व्यक्तियों को अनुदान देने तक ही सीमित नहीं रहे-हमने संस्थान बनायें।**

# प्रौद्योगिकी से प्रेरित परिवर्तन के 11 साल भारत के भावी उत्थान के सूचक



डॉ जितेंद्र सिंह



प्राचीन भारतीय महाकाव्य महाभारत में ऋषि व्यास हमें बताते हैं कि सबसे बड़ी शक्ति ज्ञान है। ग्यारह साल पहले, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदभार संभाला, तो उन्होंने भारत को वैश्विक विज्ञान का उपभोक्ता मात्र नहीं, अपितु निर्माता भी बनाने के आधुनिक संकल्प साथ इस शाश्वत सत्य की फिर से अलख जगायी। अतीत पर गौर करते हुए आज कोई भी यथोचित विश्वास के साथ कह सकता है कि प्रौद्योगिकी-से प्रेरित परिवर्तन के 11 साल भारत के भावी उत्थान के सूचक हैं और अब जबकि इस परिवर्तनकारी यात्रा को एक दशक से अधिक अरसा हो चुका है, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) उस विजन का प्रमाण है - जहां प्रयोगशालाएं लॉन्चपैड बन चुकी हैं और नवाचार राष्ट्रीय विकास का नया मुहावरा बन चुका है।

जब मैंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का मंत्री पद संभाला था, तो मुझे विरासत में केवल एक विभाग भर ही नहीं मिला था, बल्कि एक वादा - सभी को विज्ञान सुलभ कराने, नवाचार को विकेंद्रीकृत करने और इसके लाभों को अंतिम छोर तक पहुंचाने का वादा भी मिला था।

साल 2014 में, भारत का वैज्ञानिक इकोसिस्टम ऊर्जावान, लेकिन बिखरा हुआ था, महत्वाकांक्षी लेकिन अल्प संसाधन वाला था। अनुसंधान प्रायः कुलीन संस्थानों तक ही सीमित था और आम नागरिक विरले ही कभी अपने दैनिक जीवन में वैज्ञानिक प्रगति के मिजाज को महसूस कर पाते थे। यही संदर्भ था। इसके बाद राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका को नये सिरे से परिभाषित करने के लिए सचेत, संतुलित और साहसी प्रयास हुआ।

**एआइ, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष विज्ञान जैसी उभरती तकनीकों के लिए न केवल निवेश, बल्कि कल्पना की भी दरकार होगी।**

परिवर्तन की शुरुआत सरल लेकिन, गहन बदलाव : अपनी प्रतिभा पर भरोसा करने से हुई। साल 2023 में अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना एक महत्वपूर्ण घटना थी । पहली बार, भारत ने रणनीतिक दूरदर्शिता के साथ अपने अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) इकोसिस्टम को चलाने के लिए एक वैधानिक निकाय बनाया था। प्रधानमंत्री प्रारंभिक करियर अनुसंधान अनुदान के माध्यम से 6,900 से अधिक युवा वैज्ञानिकों को सशक्त बनाने और समावेशी अनुसंधान अनुदान के तहत 1,754 एससी/एसटी शोधकर्ताओं को सहायता देने के साथ अब हमने यह सुनिश्चित किया है कि वैज्ञानिक उत्कृष्टता कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि अनेक लोगों की तलाश है, लेकिन हम व्यक्तियों को अनुदान देने तक ही सीमित नहीं रहे-हमने संस्थान बनायें।

आइआइटी और आइआइएससी में चार विषयगत केंद्रों के साथ राष्ट्रीय क्वांटम मिशन भारत को क्वांटम कंप्यूटिंग, संचार और संवेदन के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर स्थापित कर रहा है। राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन पहले ही देश भर में 28 उच्च-प्रदर्शन कार्य प्रणालियाँ तैनात कर चुका है, जिनसे बाढ़ के पूर्वानुमान से लेकर औषधि की खोज तक हर क्षेत्र में सफलता मिली है। ये सिर्फ.मशीनें नहीं हैं- ये नये भारत के साधन हैं। फिर भी, वैज्ञानिक प्रगति का सही मापदंड सिर्फ. पेटाफ्लॉप या पेटेंट में नहीं, बल्कि इससे प्रभावित होने वाले जीवन में है। विचार कीजिए- आइआइटी बॉम्बे में विकसित स्मार्ट एग्री-स्टेशन, जो दूरदराज के क्षेत्रों में किसानों को रियल टाइम में मिट्टी और मौसम की स्थिति की निगरानी में सक्षम बनाता है। या आइआइटी भिलाई का दिव्यांग एटीएम, जो दृष्टिबाधित नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं तक सम्मान के साथ पहुंच कायम करने में सक्षम बनाता है। या 46 महिला प्रौद्योगिकी पार्क, जिन्होंने 11,000 से अधिक महिलाओं को वैज्ञानिक व्यवसायों में प्रशिक्षित किया है, जिससे गृहिणियाँ उद्यमी बन गयी हैं। ये सभी अलग-थलग नवाचार नहीं, अपितु एक समावेशी, सशक्त समाज की आधारशिला हैं।

हमारे दौर की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक- जलवायु परिवर्तन को भारतीय विज्ञान में एक दृढ़ सहयोगी भी मिला है। जलवायु परिवर्तन से संबंधित राष्ट्रीय मिशनों के माध्यम से, हमने 29 राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र स्थापित किए हैं और 2,000 से अधिक शोध पत्रों और 1,000 रिपोर्टों में सहायता प्रदान की है।

हिमालय के ग्लेशियरों के मानचित्रण से लेकर 1.8 लाख से अधिक हितधारकों को प्रशिक्षित करने तक, हम केवल जलवायु परिवर्तन का अध्ययन ही नहीं कर रहे हैं - हम भारत को अनुकूलन, प्रतिक्रिया और नेतृत्व के लिए तैयार भी कर रहे हैं।

मानव पूंजी में हमारा निवेश भी उतना ही परिवर्तनकारी रहा है। इंस्पायर कार्यक्रम ने विश्वविद्यालयों के 75,000 से अधिक छात्रों और 6,800 डॉक्टरेट शोधकताओं को सहायता दी है, जबकि मानक योजना 2.5 लाख से अधिक स्कूल-स्तरीय नवाचारों को राष्ट्रीय मंच पर लायी है। संदेश स्पष्ट हैः जिज्ञासु मन वाला प्रत्येक बच्चा संभावित वैज्ञानिक है, और हर गांव नवाचार का उद्गम स्थल हो सकता है। हमने विज्ञान के भूगोल को भी नए सिरे से परिभाषित किया है। पूर्वोत्तर, जिसे कभी हाशिये पर माना जाता था, अब केसर की खेती और ड्रोन-आधारित भू-स्थानिक मानचित्रण का केंद्र बन गया है।

नेक्टर और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के प्रयासों से 2 लाख से अधिक गाँवों का 10 सेमी रिजॉल्यूशन के साथ मानचित्रण किया गया है, जिससे ग्रामीण नागरिकों को अपनी जमीन पर कानूनी अधिकार और सुरक्षा की नई भावना मिली है। ये संख्याएं अपने पीछे एक गहरी कहानी - विश्वास, प्रतिभा और दृढ़ता की कहानी संजोये हैं। अपने वैज्ञानिकों पर भरोसा, हमारे युवाओं में प्रतिभा और हमारी नीतियों में दृढ़ता है। वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित 1 लाख करोड़ रुपये का अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआइ) कोष मात्र एक वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं, अपितु इरादे की घोषणा है। 20,000 करोड़ रुपये के समर्पित आवंटन और डीप टेक फंड ऑफ फंड्स के साथ, हम निजी क्षेत्र को भारत के वैज्ञानिक भाग्य के सह-लेखन के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। भविष्य पर गौर करें, तो आगे की राह चुनौतीपूर्ण और रोमांचकारी दोनों है।

एआइ, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष विज्ञान जैसी उभरती तकनीकों के लिए न केवल निवेश, बल्कि कल्पना की भी दरकार होगी। हमारा काम केवल दुनिया के साथ तालमेल रखना ही नहीं है, बल्कि रुख निर्धारित करना है। और ऐसा करते हुए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि विज्ञान का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे - चाहे वह अरुणाचल प्रदेश में कोई जनजातीय किसान हो, झारखंड की कोई स्कूली छात्रा हो या बेंगलुरु का कोई स्टार्टअप संस्थापक।

अंत में, विज्ञान का आशय केवल समस्याओं को सुलझाना ही नहीं है - इसका आशय संभावनाओं का विस्तार करना है। इसका आशय हमारे समाज के सबसे अंधेरे कोनों में प्रकाश फैलाना और यह दिखाना कि ज्ञान जब करुणा और साहस से निर्देशित होता है, तो वह किसी राष्ट्र को सही मायनों में बदल सकता है।

अब, जबकि हम मोदी सरकार के 11 साल का कीर्तिगान कर रहे हैं, ऐसे मुझे याद आ रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर कहते हैं : यह केवल सरकार नहीं है, आंदोलन है। भारत को आत्मनिर्भर, दुनिया भर में सम्मानित और गहन रूप से मानवीय बनाने का आंदोलन। और उस आंदोलन में विज्ञान, केवल दर्शक भर न होकर झ अग्रदूत है। आइए, हम सपने देखना, खोज करना और साकार करना जारी रखें। क्योंकि लोकतंत्र की प्रयोगशाला में विज्ञान का हर प्रयोग उम्मीद का प्रयोग है।

**(लेखक : केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# इंटर की पढ़ाई को डिग्री कॉलेजों से हटाने के फैसले पर कांग्रेस का विरोध

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में डीसी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को प्रदर्शन के दौरान झारखंड सरकार के इंटरमीडिएट कक्षाओं को डिग्री कॉलेजों से हटा कर +2 विद्यालयों में स्थानांतरित करने के निर्णय पर रोक लगाने की मांग की।

मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा इस निर्णय से झारखंड के करीब 2.5 लाख छात्रों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। केवल पूर्वी सिंहभूम जिले में ही करीब 12 हजार सीटें अचानक खत्म हो जाने से 21 हजार से अधिक विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही करीब 600 गैर-शिक्षण कर्मचारी भी रोजगार को लेकर असमंजस में हैं। जिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम डीसी को ज्ञापन सौंप कर इस नीति पर पुनर्विचार कर इसे स्थगित करने की मांग की। उन्होंने कहा जब तक +2 विद्यालयों में पूर्ण संसाधन, शिक्षक और अधोसंरचना उपलब्ध न हो तब तक इंटर कक्षाएं यथावत चलें। साथ ही गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित रखने की भी मांग की। इस अवसर पर प्रदेश सचिव खगेनचंद्र महतो, एनएसयूआइ अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह, महिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, अरुण कुमार सिंह, चिन्ना राव, सतीश कुमार, संध्या ठाकुर, गुलाम सरबर, इंतिखाब, बिरेंद्र पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में छात्र और उनके अभिभावक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद ने की।

जिलाध्यक्ष ने उम्मीद जतायी सरकार इस विषय पर शीघ्र और सकारात्मक निर्णय लेकर छात्रों व उनके परिजनों को राहत देगी।

# भाजपा ने झारखंड की चरमराती शिक्षा व्यवस्था पर सरकार को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने राज्य की बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था पर हेमंत सरकार पर हमला बोला।शनिवार को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा इंटर की पढ़ाई को लेकर राज्य सरकार की विफलता उजागर हो रही है। डॉ गोस्वामी ने आरोप लगाया नयी शिक्षा नीति लागू करने में राज्य सरकार पूरी तरह विफल रही है। जिससे लाखों छात्रों का भविष्य अधर में है। डिग्री कॉलेजों से इंटर कक्षाएं हटाने के बावजूद सरकार वैकल्पिक व्यवस्था करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा सिर्फ पूर्वी सिंहभूम में ही हजारों छात्रों का नामांकन संकट में है। वहीं अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों-कर्मचारियों की नौकरी भी खतरे में है।उन्होंने सरकार से इंटर में सीटों की स्थिति सार्वजनिक करने, सेकंड ईयर के छात्रों के समायोजन की जानकारी देने और अनुबंध कर्मियों के भविष्य पर ठोस निर्णय लेने की मांग की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, प्रेम झा, अखिल सिंह आदि मौजूद रहे। साथ ही भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा, सह मीडिया प्रभारी अखिल सिंह मौजूद रहे।

# टीएमएच में कार्डियक बायपास सर्जरी सेवा शुरू करने की मांग




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने टाटा स्टील के उपाध्यक्ष कॉर्पोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम और सीईओ सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्रन से टीएमएच में कार्डियक बायपास ओपन हार्ट सर्जरी सेवा शुरू करने की मांग की। चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया शहर में कार्डियक मरीज बढ़ रहे हैं, लेकिन टीएमएच में सर्जरी की सुविधा नहीं है। मरीजों को बाहर जाना पड़ता है। चैंबर ने इसे आम नागरिकों के हित में जरूरी बताया। उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बताया प्लेटिनम जुबिली कार्यक्रम के दौरान भी यह मांग टाटा स्टील प्रबंधन के समक्ष रखी गयी थी। चैंबर पदाधिकारियों ने इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए आग्रह किया।

# नीमडीह में डायन प्रताड़ना का मामला गरमाया, पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां ज़िले के नीमडीह थाना क्षेत्र में झुनू महतो नामक महिला ने गांव के सात लोगों पर अगवा कर डायन कह कर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया 4 जून को उसे जबरन उठाकर गांव से बाहर बंदी बनाकर रातभर प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने कहा पद्मश्री छुटनी महतो के साथ 14 जून को थाने में शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे पुलिस पर मामला दर्ज न करने और धमकाने के आरोप लगे हैं। झुनू महतो ने एसपी, डीसी और राष्ट्रीय महिला आयोग को भी पत्र भेज कर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।उधर परिवार परामर्श केंद्र ने भी आरोपियों को समन जारी किया था, लेकिन कोई पेश नहीं हुआ। छुटनी महतो ने थाना प्रभारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# उपायुक्त ने जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर जिले में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों एवं बाल श्रम से जुड़े मुद्दों पर आमजन में जागरूकता लाने हेतु उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा समाहरणालय से श्रमिक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे, इ-श्रम पंजीकरण, निर्माण श्रमिक निबंधन, श्रमिक सेवा योजना, प्रवासी श्रमिक सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आदि की जानकारी आम लोगों तक पहुंचायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही, उन्होंने बाल श्रम के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक अपराध है, जिसे समाप्त करने के लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में जाकर श्रमिकों को उनके अधिकारों, पंजीकरण प्रक्रिया तथा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करे। रथ के माध्यम से ऑडियो-विजुअल सामग्री, पंपलेट आदि का वितरण कर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

# ग्रामीण विकास पर केंद्रित विचार गोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शिक्षा ही सशक्तिकरण का पहला कदम है। इस विचार को केंद्र में रख कर खेरवाल एजुकेशनल ट्रस्ट भगाबांध के तत्वावधान में ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शनिवार को गोष्ठी में मुख्य अतिथि शंकर मार्डी (पूर्व महाप्रबंधक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया दिल्ली), विशिष्ट अतिथि राहुल कुमार मुर्मू (प्रदेश अध्यक्ष झारखंड पुलिस एसोसिएशन), सम्मानित अतिथि राकेश चंद्र मुर्मू (अध्यक्ष, जमशेदपुर मुखिया संघ) सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने विचार गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर पांच प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता देना, परंपरागत खेती में आधुनिक तकनीकों को जोड़ना, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाना, युवाओं को स्वरोजगार एवं डिजिटल शिक्षा से जोड़ना, महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों एवं कुटीर उद्योगों से आत्मनिर्भर बनाना शामिल है। इस अवसर पर विनोद टुडू, राम हरि बस्के, शोलेंद्र मुर्मू, सुना राम मांझी, किष्टो मुर्मू, भगबत मुर्मू ने भी अपने विचार साझा किये।

मौके पर वक्ताओं ने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से ही ग्रामीण समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

गोष्ठी के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने मिल कर अपने गांव को आदर्श ग्राम बनाने का संकल्प लिया, ताकि हर व्यक्ति शिक्षित, स्वस्थ और स्वावलंबी बने। गोष्ठी ने संदेश दिया कि विचारों से परिवर्तन की शुरुआत होती है और जब विचार गांव से निकलते हैं, तो देश की तस्वीर बदल जाती है।

इस अवसर पर खेरवाल एजुकेशनल ट्रस्ट के समर्पित पदाधिकारी मंगल मुर्मू, अर्जुन सोरेन, बिपिन मुर्मू, रूपेण टुडू, विश्वनाथ हांसदा, राजपति बस्के सहित अन्य स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# लोयोला स्कूल टेल्को में सोनिक एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टेल्को लोयोला स्कूल में सोनिक एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।शनिवार को स्कूल हॉल में आयोजित प्रतोयोगिता में उद्घोषिका संध्या कुमारी और त्रिशा रॉय ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कक्षा 4-5, 6-7 और 8-10 के विद्यार्थियों को तीन श्रेणियों में बाटा गया।सभी ने सुर और ताल से उपस्तित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया।

निर्णायक मंडल में मौसमी, कंचन तिर्की, रेशमा रोडरिक्स, अन्ना और रोहित शामिल रहे। प्रतियोगिता के विजेता टीम में सिंथिया चाकी, यथार्थ दास और अदिति राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों के द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या चरणजीत ओसान ने विद्यार्थियों को कला और शिक्षा के सुंदर संगम का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ, ऋचा, दीप्ति और नीलम और धन्यवाद ज्ञापन निहारिका नंदी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन लोयोला एंथम के साथ हुआ।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तीन को गढ़वा में बाइपास फोरलेन मार्ग का उद्घाटन करेंगे



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आगामी तीन जुलाई को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का गढ़वा में आगमन होगा। वे संखा-खजूरी-गढ़वा बाईपास फोरलेन मार्ग का उद्घाटन करने आ रहे हैं। जिले के गोवावल क्षेत्र के हुर गांव में उनका स्वागत व उद्घाटन समारोह आयोजित किया जायेगा। इसको लेकर जिला प्रशासन व भाजपा नेताओं की सक्रियता बढ़ गयी है। गडकरी का यह दौरा गढ़वा के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। क्योंकि उनके हाथों संखा-खजूरी-गढ़वा बाईपास फोरलेन मार्ग का औपचारिक उद्घाटन होगा। यह मार्ग सांसद विष्णु दयाल राम और गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की निरंतर पहल और केंद्र से समन्वय का परिणाम है। जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिली है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए संसद विष्णु दयाल राम, सड़क परिवहन सुरक्षा समिति के सदस्य रवींद्र नाथ तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे ने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ हेतु हनुमान मंदिर में किया पूजन हवन



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बीमार ग्रस्त होने पर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु रंका बजनवा हनुमान मंदिर में खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता पप्पू यादव एवं वरिष्ठ नेता रौशन पाठक के संयुक्त नेतृत्व में शनिवार को पूजन हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे गुरु जी के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए कामना करते हुए हनुमान जी से दुआ मांगी गयी। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्तिक पांडेय, धर्मेंद्र छोटू दूबे, किशोर कुमार ओझा, राम बाबू ठाकुर, मुकेश तिवारी सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर श्री बंशीधर मंदिर में विशेष हवन पूजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विधायक अनंत प्रताप देव के नेतृत्व में झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पार्टी के संस्थापक सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर श्री बंशीधर मंदिर में विशेष हवन पूजन हुआ। आचार्य श्रीकांत मिश्र एवं आचार्य सत्यनारायण मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन पूजन कराया। उस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इन दिनों दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबियत ठीक नहीं है। उनका इलाज दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में चल रहा है। उनकी तबीयत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जिससे उनके चाहने वाले और समर्थकों में चिंता बनी हुई है। गुरुजी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए हमलोग श्री बंशीधर मंदिर में विशेष पूजन अर्चन कर रहे हैं। भगवान बंशीधर जी उनको जल्द स्वस्थ करें। हवन पूजन में श्री बंशीधर सूर्य मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, वरिष्ठ झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, कामता प्रसाद, प्रदीप सिंह, कामेश्वर प्रसाद, किरण देवी समेत सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रंका में भव्य रथ यात्रा का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से शुक्रवार शाम को भगवान जगन्नाथ की भव्य पारंपरिक रथ यात्रा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी। पूजा अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान किये। रथ यात्रा का शुभारंभ मंदिर के सेवाईत राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह ने रथ को धक्का देकर आगे बढ़ाया। तत्पश्चात हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़ ने रथ के रस्सी को खींचते हुए नगर भ्रमण कराया और धन्य हुए। इस मौके पर युववराज कुमार गुलाब सिंह, कुमार गौरव सिंह, पंडित सत्यनारायण ओझा, पारसनाथ पांडेय सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बच्चियां श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## जमीनी विवादों के निष्पक्ष सुलझाने वाले अमीन शिवनारायण सिंह नहीं रहे, क्षेत्र में शोक



शिवनारायण सिंह

डंडई/मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पचौर गांव निवासी व जमीनी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में माहिर सुप्रसिद्ध अमीन शिवनारायण सिंह का शुक्रवार की रात्रि लगभग दो बजे निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। वर्ष 2018 में मेराल अंचल से सेवानिवृत्त हुए शिवनारायण सिंह पिछले कई दशकों से अपने मामा के घर, मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव में परिवार सहित निवास कर रहे थे। सरल स्वभाव, मधुर वाणी और गहरी समझ के धनी शिवनारायण सिंह पिछले पांच दशकों से अधिक समय से जमीन से जुड़ी समस्याओं का निपटारा कर रहे थे। जमीन संबंधी किसी भी विवाद को वे पूरी निष्पक्षता और समझदारी से सुलझाते थे। स्थानीय समाजसेवियों और ग्रामीणों ने उनकी अंतिम यात्रा में भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं मेराल में उनके निधन पर घर जाकर शोक व्यक्त करने वालों में संजय भगत, सुरेंद्र गोस्वामी, प्रकाश कुमार अरुण, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, अमित साह सहित बड़ी संख्या में लोगों का ताता लगा रहा जबकि सोशल मीडिया पर पूर्व सीओ राकेश कुमार सहाय, पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, मिथिलेश तिवारी, अशोक विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शोकसभा का आयोजन

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को विद्यालय के आचार्य धनंजय विश्वकर्मा की आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। बताते चलें कि शुक्रवार को दासीपुर गांव निवासी धनंजय विश्वकर्मा का आकस्मिक निधन हो गया था, जो 15 वर्षों से लगातार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ा रहे थे। उनकी आत्मा को शांति के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं ने 2 मिनट का मौन धारण रखा एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोकसभा में उपस्थित बलिगढ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, बीडीसी प्रतिनिधि कामेश्वर सिंह, रामविचार साहू,विनोद प्रसाद, श्यामविहारी राम, नंदू प्रजापति, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता, प्रमोद कुमार मेहता, मदन पटेल, निरंजन प्रसाद, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका सहित कई उपस्थित थे।

# रेखा देवी हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतका रेखा देवी की फाइल फाटो



**श्री बंशीधर नगर/विशुनपुरा ।** श्री बंशीधर अनुमंडल अंतर्गत विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सरांग गांव में हुए सनसनीखेज रेखा देवी हत्याकांड का श्री वंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करने में सफलता प्राप्त किया है। पिछले दिनों हुए दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के बाद मामले की पटाक्षेप में सामने आया है कि इस निर्मम हत्या को किसी बाहरी ने नहीं, बल्कि मृतका के ही देवर विकेश चंद्रवंशी ने अंजाम दिया था।

इस मामले में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि पुलिस ने आरोपी विकेश चंद्रवंशी (पुत्र जगमोहन चंद्रवंशी) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है, और उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा एवं पहना हुआ सफेद रंग का शर्ट भी बरामद कर लिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि अपराध में शामिल गिरफ्तार व्यक्ति विकेश चंद्रवंशी का आपराधिक इतिहास रहा है इसके विरुद्ध पूर्व में विशनपूरा थाना कांड संख्या 04/23 मैं मामला दर्ज है।

गौरतलब है कि रेखा देवी (उम्र लगभग 34 वर्ष), पति राकेश चंद्रवंशी, 22 जून की रात 11 बजे डोरी बीनने के लिए घर से निकली थी। दो दिन बाद 24 जून को उनका शव गांव से करीब 400 मीटर दूर केवाल बांध के पास नग्न अवस्था में बरामद हुआ था। शव की स्थिति अत्यंत भयावह थी, आंख फूटी हुई, मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे बलात्कार के बाद हत्या की आशंका जतायी जा रही थी।

जांच की दिशा तब बदली जब पुलिस ने मृतका के देवर विकेश को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि भाभी के गांव के कई लोगों से अवैध संबंध होने की बात गांव में फैल चुकी थी, जिससे परिवार की बदनामी हो रही थी। उसने स्वीकार किया कि कई बार भाभी को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब कोई बदलाव नहीं हुआ तो आक्रोश में आकर उसने डंडे से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, और सहायक अवर निरीक्षक मुकेश कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया और फिलहाल आरोपियों की भूमिका की भी जांच जारी है।

## जब हम प्रकृति से मिलते हैं तो खुद के करीब होते हैं : एसपी

### डॉक्टर अशोक केशरी के जन्म दिवस पर पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की गढ़वा इकाई के तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित अन्य लोगों ने पुलिस लाइन परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधारोपण किया। डॉक्टर अशोक केशरी के 75वें जन्मदिन पर आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण के दौरान एसपी अमन कुमार ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में पेड़ पौधों का महत्वपूर्ण योगदान है। पेड़ पौधे से हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन हवा मिलती है। पेड़ कम होने पर पक्षियों का आश्रय स्थल भी कम होगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में इस तरह के शुभ अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए। चैंबर ऑफ कॉमर्स गढ़वा के अध्यक्ष बबलू पटवा ने कहा कि पौधारोपण मानव जीवन के लिए अनिवार्य है। मौके पर डॉक्टर पतंजली केशरी, ज्योति प्रकाश, राकेश पाल, पूनम कांस्यकार, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आरसीएम की नयी यूनिट का शुभारंभ



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सामने रविवार को आरसीएम कंपनी की एक नई यूनिट का भव्य शुभारंभ किया गया। बुजुर्ग अतिथि रघुवीर राम, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, युवा समाजसेवी शशांक शेखर, निर्मल विश्वकर्मा और सदर बाबू खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर यूनिट का उद्घाटन किया। अभिमन्यु मेहता ने कहा कि आरसीएम कंपनी केवल एक व्यवसायिक मंच नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य रक्षा, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों के लिए प्रतिबद्ध संस्था है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लव कुमार कुशवाहा, शंभू मेहता, राम जी विश्वकर्मा, सुमन ठाकुर, एसके मेहरा, सूरज चौधरी, ओम प्रकाश वर्मा (प्रोप्राइटर), विनोद कुमार और हरिद्वार मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## उमवि मुकुंदपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

केतार (आजाद सिपाही)। मलेरिया रोगी माह कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मलेरिया, कालाजर, डेंगू बीमारी के लक्षण और उनके बचाव के तरीके को छात्र-छात्राओं को बताया गया। सीएचओ डॉ शंकर के द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विद्यालय की साफ सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता रखने को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर एएनएम सुलेखा कुमारी,प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, देवकुमार सिंह, स्वास्थ्य सहिया रिंकी देवी, सरोज देवी, सरिता देवी, कुंती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की प्रथम महिला अध्यक्ष उर्मिला देवी का निधन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट व बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह की धर्मपत्नी सह वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की प्रथम महिला अध्यक्ष उर्मिला देवी की लंबी बीमारी के दौरान 27 जून को ही गयी, वे 73 वर्ष की थीं। रांची स्थित आवास में उनका देहांत हो गया। ट्रस्ट परिसर में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र छात्राओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर एवं पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना एवं शोक सभा किया गया।

## अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें : पुष्कर

### कबूतरी देवी केंद्रीय उपाध्यक्ष चुनी गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, गढ़वा जिला के तत्वावधान में शनिवार को नगर भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारी अगुवा दिशुम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की गयी। साथ ही सरकार शीघ्र गजट नोटिफिकेशन कर उन्हें समारोह पूर्वक सम्मानित करने की मांग की। गढ़वा के आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि सभी को राजकीय मान - सम्मान, अलग पहचान, बेटा बेटियों के रोजी रोजगार एवं नियोजन की सौ प्रतिशत गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी को 50- 50 हजार रुपये दिया जाये। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि अपने बाल-बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए आंदोलनकारी गण एक संघर्ष को तैयार रहें। पलामू प्रमंडल के उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि अपनी पहचान स्वयं बनें। हमलोग अलग राज्य के लिए लड़े थे, अब राजकीय मान सम्मान, पहचान, अस्तित्व व अस्मिता की रक्षा के संघर्ष करना है। झारखंड आंदोलनकारी कबूतरी देवी को केंद्रीय उपाध्यक्ष चुना गया, आंदोलनकारी का सत्कार ग्रहण करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्री को राज्य सरकार सीधी नियुक्ति देकर सम्मानित करने का काम करें। केंद्रीय महासचिव डॉ रामनाथ मेहता ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान से ही सरकार का सम्मान है।

## देशभर के आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में गढ़वा जिले का प्रथम स्थान

### उपायुक्त ने गढ़वा वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा ज़िले को देशभर के आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग में माह जनवरी और फरवरी 2025 में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ज़िला के अधिकारियों एवं समस्त गढ़वा वासियों को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

विदित हो कि नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग में गढ़वा ज़िले ने लगातार दो माह पूरे देश के 112 ज़िलों में सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रशासनिक प्रतिबद्धता, विभागीय समन्वय, बेहतर कार्यान्वयन एवं जनभागीदारी का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सतत प्रयास किए। समुदाय की सक्रिय भागीदारी और पंचायतों व विभागों के साथ बेहतर तालमेल ने गढ़वा को यह सम्मान दिलाने में अहम भूमिका निभायी।

यह उपलब्धि गढ़वा के प्रशासनिक तंत्र, समर्पित अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की साझा मेहनत और विकास के प्रति प्रतिबद्धता की प्रतीक है। यह सफलता गढ़वा की विकास यात्रा को नयी गति और दिशा प्रदान करेगी। लगातार 02 महीने माह जनवरी एवं फरवरी 2025 में देशभर में उत्कृष्ट स्थान लाने के लिए गढ़वा जिले को प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी जिसका उपयोग गढ़वा जिले के विकास कार्यों में किया जायेगा।

उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, पीपीआईए फेलो (नीति आयोग) समेत सम्पूर्ण जिला प्रशासन ने कहा कि गढ़वा जिले की यह उपलब्धि पूरे झारखंड राज्य के लिए भी गौरव का विषय है।

## पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक में लिये गये कई निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा की मासिक बैठक संगठन के अध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कल्याण कोश, एवं सदस्यता अभियान की समीक्षा, स्वास्थ्य बीमा, आईटीआर फाइल करना आठवां वेतन आयोग जब तक लागू न हो तब तक महंगाई भत्ता को 50% राशि मूल पेंशन में जोड़ना, आदि विषयों पर परिचर्चा की गयी। बैठक में सभी पेंशनरों को जीने का तरीका बताते हुए कहा कि आप लोग अपना- अपना जन्मदिन जरूर मनावें। मंच का संचालन अशरफी राम सचिव, के द्वारा किया गया। इन्होंने भी सभा को संबोधित करते हुए निर्धारित एजेंडा के अनुरूप सभी को अपना-अपना विचार देने की बातें कहीं। इन्होंने इटावा में घटित घटना को शर्मनाक बताते हुए घोर निंदा करने की बात कही। सभा को संबोधित करने वालों में इंदु भूषण मिश्रा, निर्मल साहू रामदास महतो, श्रवण कुमार, गोपाल राम आदि ने अपने-अपने विचार रखते हुए कहा की सदस्यता अभियान एक बार पुनः चलाया जाये, ताकि सदस्यों की संख्या बढ़ाई जा सके ,साथ ही कल्याण कोष उसको भी मजबूत की जायेगी। इस अवसर पर उपस्थित अशर्फी राम, गोपाल राम, श्रवण कुमार, शशि भूषण राम, रामाधार प्रसाद यादव, सत्येंद्र प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।

## PUBLIC NOTICE

This is to bring to notice of general public that the Hon'ble Khunti Court vide Execution Case No. 04/2023, has handed the possession of Following plots of land in Mauza Chalagi & Khunti on 01.10.2023 & 03.10.2023 to Shri Samarendra Kumar, son of late Jyotindra Nath Ganju.

**MAUZA CHALAGI**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 1 | 83 (Don-1) |
| 2 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 4 (Tanr-2) |
| 4 | 2 | 5 (Tanr-2) |
| 5 | 2 | 6 (Tanr-2) |
| 6 | 2 | 2109 (Tanr-2) |
| 7 | 2 | 2112 (Tanr-2) |
| 8 | 2 | 2113(Tanr-2) |
| 9 | 2 | 123(Tanr-2) |

**HUTUBDAG MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 47 | 30 (Tand) |

**KHUNTI MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 403 | 1019 |
| 2 | 403 | 1007 |
| 3 | 403 | 1008 |
| 4 | 408 | 421 |
| 5 | 403 | 1483 |
| 6 | 403 | 1479 |
| 7 | 396 | 1480 |
| 8 | 403 | 1478 |
| 9 | 403 | 1477 |
| 10 | 403 | 1476 |
| 11 | 396 | 1458 |
| 12 | 403 | 1459 |
| 13 | 403 | 1500 |
| 14 | 403 | 1494 |
| 15 | 352 | 1140 |
| 16 | 352 | 1141 |
| 17 | 352 | 1142 |
| 18 | 352 | 1143 |
| 19 | 403 | 389 |
| 20 | 403 | 379 |
| 21 | 127 | 1533 |
| 22 | 335 | 1532 |
| 23 | 03 | 1635 |
| 24 | 58 | 1524 |

**KHUNTI MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 78 | 1531 |
| 2 | 78 | 1535 |
| 3 | 54 | 1536 |
| 4 | 114 | 1521 |
| 5 | 114 | 1525 |
| 6 | 03 | 1523 |
| 7 | 03 | 1522 |
| 8 | 03 | 1529 |
| 9 |  | 1530 |
| 10 | 261 | 454 |
| 11 | 261 | 459 |
| 12 |  | 1542 |
| 13 | 403 | 1517 |
| 14 | 67 | 1518 |
| 15 | 67 | 1520 |
| 16 | 106 | 1534 |
| 17 | 18 | 1526 |
| 18 | 403 | 1528 |
| 19 | 409 | 1527 |

**KHUNTI TOLI MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 06 | 30 (Tanr-1) |

**KHUNTI TOLI MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 1 | 53 Kiaris |
| 2 | 1 | 29 Kiaris |

Any attempt to sell / purchase / dispose/ obstruct the peaceful possession of the said property by any third person or any other heir of Late Jyotindra Nath Ganju or any other heir of late Shivapriya Nath Ganju or any other person, other than the possessee Shri Samarendra Kumar, will be illegal and punishable offence. The offender would be subjected to strict criminal/ civil and administrative actions under appropriate law.

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जून, 2025
www.azadsipahi.in
08

## रोजगार और अधिकारों के लिए असंगठित मजदूरों ने मशाल जुलूस के साथ किया प्रदर्शन

# अंतिम दम तक लड़ी जायेगी मजदूरों के हक और सम्मान की लड़ाई : बीएन पांडेय

13-14 जुलाई को हड़ताल का किया किया ऐलान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** असंगठित मजदूरों के अधिकारों और रोजगार की मांग को लेकर शनिवार को खलारी-डकरा क्षेत्र में सैकड़ों मजदूरों और ग्रामीणों ने सीसीएल एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष मशाल जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। आरसीएमएस के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन में डकरा गुरुद्वारा चौक से एनके महाप्रबंधक कार्यालय तक मशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर और स्थानीय लोग शामिल हुए। जुलूस का नेतृत्व आरसीएमएस एरिया अध्यक्ष बीएन पांडेय और एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने किया। इस दौरान मधुकान कंपनी और एनके एरिया प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि मजदूरों के हित में किसी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मधुकान कंपनी स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में विफल है और असंगठित मजदूरों का लगातार शोषण कर रही है। साथ ही उन्होंने एनके क्षेत्र के मजदूरों के सीएमपीएफ भुगतान की भी मांग की। वहीं, बीएन पांडेय ने कहा कि मजदूरों के हक और सम्मान की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि बाहर से श्रमिक लाकर स्थानीय मजदूरों का हक छीना जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रबंधन ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाये तो आंदोलन और उग्र किया जायेगा। नेताओं ने आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए ऐलान किया कि 13 और 14 जुलाई को एनके एरिया की सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों में असंगठित मजदूर हड़ताल पर रहेंगे। चेतावनी दी गयी कि यदि मांगे पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन और तेज करते हुए 15 जुलाई को रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस का घेराव किया जायेगा। मशाल जुलूस में अब्दुल्ला अंसारी, बीएन पांडेय, सोनू पांडेय, सुनील सिंह, विनय सिंह, जयंत पांडेय, पजु महतो, मुमताज अहमद, सलामत अंसारी, अमजद खान, अशोक सिंह, जसीम अंसारी, कृष्णा सिंह, विजय सिंह, प्रवीण सिंह, सुरेंद्र गंझू, लक्ष्मण उरांव, नसीम अंसारी, सुल्तान अंसारी, जिआउल अंसारी, बबलू अंसारी, जयदीप कुमार, सिलदेव उरांव, वेदप्रकाश पांडेय, इरशाद खान, आसिफ अंसारी, महमूद अंसारी, अफजल अंसारी, गीता देवी, गुड़िया देवी, सुमन देवी, निलय देवी, संगीता देवी, अनिता देवी, बबीता देवी, मंजू देवी समेत बड़ी संख्या में मजदूर और ग्रामीण उपस्थित थे।

## रांची अधिवेशन में कोयलांचल से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन के आठवें वें महाधिवेशन रांची में पिपरवार, एनके, मगध-संघमित्रा एवं आम्रपाली-चंद्रगुप्त की डेलिगेट्स एवं कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। शहीद निर्मल महतो एवं बचरा 4 नंबर चौक में डेलीगेट जमा होकर जमकर नारेबाजी के प्रसाद रांची महाधिवेशन के लिए प्रस्थान किये। यूनियन नेता इकबाल हुसैन ने बताया कि रांची सीएमपीडीआई के रविंद्र भवन में झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन का 8वां महाधिवेशन ऐतिहासिक रूप से मनाया जा रहा है, जिसमें श्रमिकों से संबंधित श्रम कानून एमडीओ मोड लागू नहीं होने देने शेयर शेयरिंग का विरोध समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर आवाज बुलंद की जायेगी। ज्ञात हो कि एमडीओ मोड लागू होने से श्रमिक अपनी जायज मांगों को लेकर अपनी आवाज भी खुले स्वर में नहीं उठा पायेंगे। किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन गेट मिटिंग के लिए श्रमिकों को सर्वप्रथम उन्हें प्रबंधन से परमिशन की आवश्यकता पड़ेगी। प्राईवेटाईजेशन से आने वाले दिनों में श्रमिकों के साथ काफी दुर्व्यवहार एवं ज्यादतियों की भी पूरी गुंजाइश है। जेसीएमयू 8वां महाधिवेशन में जाने वालों में मुख्य रूप से इकबाल हुसैन, परमेश्वर गंझू, मोहम्मद असलम, जगरनाथ महतो, रंथू उरांव, विनोद गंझू, मोहरा उरांव, अंजली देवी, रामचंद्र उरांव, जेपी महाराज, अनिल राम, जागेश्वर दास, सूरज मुंडा, मथुरा मंडल, जमशेद, मुकेश साव, गुरदयाल साहू इत्यादि लोग शामिल हुए।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन में शामिल हुए पिपरवार लोग



पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार एरिया, एनके एरिया, मगध-संघमित्रा और आम्रपाली-चंद्रगुप्त एरिया के कार्यकर्ता शनिवार को रांची में आयोजित यूनियन के महान अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस संबंध में यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन ने बताया कि महाधिवेशन में श्रमिकों से संबंधित श्रम कानून, एमडीओ मोड लागू नहीं होने देने, शेयर शेयरिंग का विरोध समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर आवाज बुलंद की गयी। उन्होंने कहा कि चार श्रम कोड लागू होने से श्रमिक अपनी जायज मांगों को लेकर अपनी आवाज भी खुले स्वर में नहीं उठा पायेंगे। प्राईवेटाईजेशन से आने वाले दिनों में श्रमिकों के साथ काफी दुर्व्यवहार एवं अत्याचार होने की संभावना है। ऐसे में तमाम श्रमिक संगठनों को एक होने एवं कंपनी की गलत नीतियों को पुरजोर विरोध करने की आवश्यकता है। महाधिवेशन में जाने वालो में मुख्य रूप से इकबाल हुसैन, परमेश्वर गंझू, मोहम्मद असलम, जगरनाथ महतो, रंधु उरांव, बिनोद गंझू, मोहरा उरांव, अंजली देवी, रामचंद्र उरांव, जेपी महाराज, अनिल राम, जागेश्वर दास, सूरज मुंडा, गणेश भुईयां सहित अन्य कई लोगों का नाम शामिल है।

## मां विपदतारिणी की धूमधाम से हुई पूजा-अर्चना





ईचागढ़/मुरी (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को मां विपदतारिणी पूजा को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित हुई। दुर्गा मंदिरों व बीपद तारनी मंदिरों में सुबह से ही व्रतियों का तांता लगा रहा। माता रानी के चरणों में पुष्प अर्पित कर महिलाओं ने अपने बच्चों का हर दुख दुर करने व हर बीपदा से बचाये रखने का मां बीपद तारनी से आशीर्वाद लिया। वहीं ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव स्थित मां बीपद तारनी मंदिर में सुबह से ही व्रतियों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में भोग का वितरण किया गया। सैकड़ों महिलाओं ने अपने बच्चों की सुख शांति के लिए उपवास रखती है और मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि मां अपने बच्चों के हाथ में लाल धागा बांध कर बच्चों को आशीर्वाद देती है। वहीं मुरी सिल्ली समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मां विपदतारिणी की पूजा अर्चना की गयी। महिलाओं समेत पुरुषों ने भी उपवास रखी। मां विपदतारिणी की पूजा करने पर भक्तों को विपत्ति से माता रक्षा करती है ऐसी मान्यता है।

## जनता मजदूर संघ की डकरा में हुई बैठक



खलारी (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डाकरा में शनिवार को डीपी सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सीसीएल के अध्यक्ष कमलेश सिंह उपस्थित रहे, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में हरिशंकर मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सचिव गोल्टेन प्रसाद यादव ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, मजदूरों के हित और आगामी योजनाओं को लेकर गंभीर चर्चा की गयी। साथ ही, क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय और संगठित करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सेठुबहान सिंह, टुपा महतो, अजय चौहान, अमिताभ चौहान, बिरजू लोहार, टेकलाल महतो, बुटन चौहान, गुलफी देवी, वीरेंद्र पासवान, आनंद पांडेय, प्रकाश कुमार महतो, प्रताप यादव, गणेश ठाकुर शमा, नवी मियां, संजय, आनंद, विकास, शशि उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति सदस्य अश्विनी महतो का निधन



अश्विनी महतो की फाइल फोटो।

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के मारधान पंचायत में तीन बार से पंचायत समिति सदस्य और समाजसेवी अश्विनी महतो 56 वर्ष का आज सुबह रिम्स रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया वे अपने पिछे दो बेटे व पत्नी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार चिरुडीह घाट में किया गया उनके बड़े बेटे मनीष कुमार ने मुखाग्नि दी वो अपने पंचायत और प्रखंड के लोगों के सुख - दुख में हमेशा खड़े रहते थे।वे चिरूडीह गांव के रहने वाले थे। आज इनका असामायिक चले जाने से पुरे पांच परगना क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा, बीडीओ, सीओ, विवेकानंद नव युवक संघ तमाड़ तथा कुड़मी समाज के समाजसेवी लोग तथा अन्य गण्यमान्य लोग शोक व्यक्त किये हैं।

## मासिक लोक अदालत में 104 मामलों का निष्पादन, 8.59 लाख रुपये का सेटलमेंट

खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। डालसा के सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में पांच बैंचो के माध्यम से न्यायालय में लंबित 104 मामलों का निष्पादन किया गया तथा 8,59,552 रु राशि का सेटलमेंट किया गया। मासिक लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए गठित की गयी, प्रथम बैंच में जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, पैनल अधिवक्ता जुनूल होरो और ममता सिंह, द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी अर्जुन साव, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक और कविता कुमारी, तृतीय बैंच में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी, पैनल अधिवक्ता आशीष कुमार और सुमित कुमार कश्यप, चतुर्थ बैंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम अमित आकाश सिंहा, पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम और शशि कला कुमारी तथा पंचम बैंच में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी, रूबी कुमारी एवं पीएलवी आदि शामिल थे। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## कल्याण गुरुकुल, तोरपा के 55 छात्रों को मिली दुबई में नौकरी

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की महत्त्वाकांक्षी पहल के तहत प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल, तोरपा से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 55 युवाओं को दुबई की प्रतिष्ठित शोभा कंपनी में टाइल्स मेसन के पद पर नियुक्त किया गया है। इन युवाओं को उपायुक्त आर. रॉनिटा ने अपने कार्यालय कक्ष में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बैच संख्या 81 एवं 82 के इन युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मिलने से न केवल उनका आत्मबल बढ़ा है, बल्कि यह कल्याण विभाग एवं प्रेझा फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों की सफलता को भी दशार्ता है। इस अवसर पर उपायुक्त आर रॉनिटा ने चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता युवाओं की कड़ी मेहनत, लगन और कल्याण गुरुकुल में मिले गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का परिणाम है। यह पल खूंटी के लिए गर्व का विषय है। हम चाहते हैं कि यहां के और भी युवा इस तरह के अवसरों का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त आलोक कुमार, आइटीडीए के परियोजना निदेशक एएस कच्छप, शोभा इंटरनेशनल दुबई के सुपरवाइजर छोटू राम, प्राचार्य किशोर चंद्र मोहंती, ऑपरेशनल हेड रवीश वासन, एसोसिएट एरिया मैनेजर चंदन, गौतम पांडेय ट्रेनर मो कलाम के अलावा तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र भी मौजूद थे।

## मूल रैयतों के मौलिक अधिकारों के हनन का हो रहा प्रयास : रामलखन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया भू राजस्व विभाग विधायक प्रतिनिधि विनय खलखो एवं अनुसूचित जाति जनजाति के विधायक प्रतिनिधि राम लखन गंझु ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के द्वारा आदिवासियों के हित के लिए जल जंगल जमीन बचाने के लिए सभी आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चर्चा की यह एक सराहनीय कदम है। उन्होंने राहुल गांधी के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी देश आजाद होने के बाद से ही आदिवासियों के हित में काम करते आ रही है, इसलिए इस देश के आदिवासी समाज के लोग कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित है। परंतु दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ गैर आदिवासी लोग यहां के मूल रैयतों का मौलिक अधिकार का हनन करने का प्रयास कर रहे हैं। आज यहां के आदिवासी रैयत देश की ऊर्जा बढ़ाने के लिए और देश की विकास के लिए अपने पूर्वजों की जमीन कोयला खनन के लिए दिए हैं, और उसके बदले में सीसीएल कंपनी के द्वारा आर एंड आर पॉलिसी एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहल पर पूरे सीसीएल क्षेत्र में रैयत विस्थापितों के रोजगार के लिए कोल डंप दिया गया। रोजगार मिलने से इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है। कुछ लोग इस क्षेत्र में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उक्त बातों को लेकर दोनों विधायक प्रतिनिधियों ने राहुल गांधी से आग्रह किया है कि कुछ लोग कांग्रेस पार्टी का छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित कर उचित कार्रवाई करने की पहल करें।

## प्रधान जिला जज ने खूंटी उपकारा का किया निरीक्षण



खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार ने शनिवार को खूंटी उपकारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकारा के बंदियों से उनके केस के बारे में पूछताछ की। बंदियों के रसोई का निरीक्षण किया और उनके मेन्यू के बारे में पूछताछ की। इस दौरान प्रधान जिला जज ने सभी महिला बंदियों से भी उनके रहन-सहन और उनके मामलों के बारे में पूछताछ की। साथ ही मेडिकल क्लिनिक में भर्ती सभी मरीजों से मुलाकात कर क्लिनिक में उपस्थित डॉक्टरों को मरीजों के लिए उचित दवा की व्यवस्था कराने की सलाह दी। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## विधायक सुरेश बैठा की पहल पर राय बाजार में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के राय बाजार के समीप ट्रांसफार्मर जलने के कारण पिछले पांच दिनों से लोग परेशान थे। वहीं बिजली के अभाव में पेयजल आपूर्ति भी बाधित था। बिजली और पानी की समस्या से परेशान स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी के राय, चुरी पूर्वी और बमने पंचायत के जोनल प्रभारी मोहम्मद रजा को दिया। साथ ही ग्रामीणों ने जोनल प्रभारी से इस समस्या के समाधान करने की अपील की। जिसके बाद जोनल प्रभारी मोहम्मद रजा ने इसे गंभीरता से लेते हुए कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश बैठा को पूरे मामले की जानकारी दी। वहीं विधायक सुरेश बैठा ने इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग से बात कर अविलंब राय बाजार में नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बातचीत की और विधायक सुरेश बैठा के पहल पर राय बाजार में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसके बाद राय बाजार में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति बहाल हुई। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के जोनल प्रभारी मोहम्मद रजा ने बताया कि राय बाजार में लगा ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले पांच दिनों से विद्युत आपूर्ति के साथ पेयजल आपूर्ति बाधित थी। इधर राय बाजार में नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक सुरेश बैठा एवं जोनल प्रभारी मोहम्मद रजा के प्रति आभार प्रकट किया है। इस कार्य में कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, मुमताज अहमद, विजय पाहन, संतोष कुमार, गुलाब, चमन महतो, राजेश, ढोलू सहित अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।

# गोला-मुरी सड़क कीचड़ में तब्दील, हो रही परेशानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** गोला मुरी सड़क पर बिगत कई महीनो से चौड़ीकरण का काम चल रहा है इस दौरान कंपनी के द्वारा जो भी मैट्रियल डाला गया है उससे कीचड़ में तब्दील हो गया है। आम से लेकर खास तक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुरी से गेडेवीर तक का रास्ता काफी खराब हो चुका है। बरसाती पानी के चलते जगह-जगह गड्ढे,कीचड़ और तालाब में तब्दील हो गया है जिससे प्रतिदिन बड़े से लेकर छोटे वाहन कीचड़ और गड्ढे में फंस रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी एम्बुलेंस, स्कूल आने जाने वाले वाहनों एवं दोपहिया वाहनों को उठानी पड़ रही है। इसी रास्ते से आरटीसी पब्लिक स्कूल, उर्सलाइन कॉन्वेंट स्कूल, सेंट माइकल स्कूल, नेचर हॉट पब्लिक स्कूल, आदर्श उच्च विद्यालय, डीएवी समेत कई विद्यालय के बच्चे पढ़ने लिखने आते हैं। स्कूली वाहनों के लंबे जाम में फसने के कारण बच्चों के पढ़ाई लिखाई पर असर पड़ती है। वहीं दूसरी ओर सिंहपुर नर्सिंग होम, मातृ छाया नर्सिंग होम, भारत माता नर्सिंग होम में प्रतिदिन सैकड़ों रोगी इलाज कराने इसी रास्ते से आते हैं।

## जाडेया मुख्य मार्ग में जल जमाव, लोग परेशान



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जामुदाग - एडरमहातू - जाड़ेया - सिल्ली मुख्य मार्ग में अत्यधिक जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग में घुटना भर पानी रहने से बाइक, कार एवं अन्य चारपहिया वाहनों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। मुख्य सड़क पर ही मिडिल स्कूल है। स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में भी काफी परेशानी हो रही है। सड़क पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण बारिश का पानी मुख्य सड़क पर ही जमा हो जा रहा है। इधर जल जमाव की सूचना पर विधायक अमित महतो गांव पहुंच कर लोगों से परेशानी को जाना और पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात कर पानी निकासी की व्यवस्था करने को कहा।

## गरीब ने लौटाया रुपयों से भरा पर्स

**खूंटी।** रांची से सिमडेगा जाने वाली गौरव बस में तोरपा प्रखंड के लतावली गांव निवासी सुगन होरो खूंटी से सवार हुए थे। तोरपा में उतरने के कुछ समय बाद जब उन्हें पैसों की जरूरत पड़ी, तब उन्हें पता चला कि उनका पर्स गिर गया है। पर्स में 39,000 रुपये, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। घबराये सुगन होरो ने तत्काल तोरपा बस पड़ाव पहुंचकर जानकारी जुटानी शुरू की। इस दौरान उन्होंने गौरव बस के एजेंट सीताराम भगत से संपर्क किया।बस में खोजबीन के बाद कंडक्टर को पर्स मिल गया। उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ पर्स को सुरक्षित रखा और अगले दिन, 28 जून को, पर्स यात्री सुगन होरो को सौंप दिया। सुगन होरो ने जब पर्स की जांच की तो उसमें सभी पैसे और दस्तावेज सही-सलामत पाये, जिससे वह भावुक हो उठे।

# सर्वाधिक सदस्य बनानेवाले को मिलेगा युवा कांगेस के जिलाध्यक्ष का दायित्व: सीमांचल

आजाद सिपाही संवाददता



**खूंटी।** युवा कांगेस के जा कार्यकर्ता सर्वाधिक सदस्य बनायेंगे, उन्हें ही जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा जायेगा। 28 जून से चार जुलाई तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। उस दौरान जिलाध्यक्ष पद के दावेदार अपना नामांकन ऑनलाइन दाखिल करेंगें। नौ जुलाई को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जायेगी और 13 जुलाई से चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी, जो एक महीने तक चलेगी। यह जानकारी युवा कांगेस के जोनल चुनाव प्रभारी सीमांचल खंडैय, जिला चुनाव पदाधिकारी पुष्कर सिंह और जिलाध्यक्ष अरूण संगा ने शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके में प्रदेश उपाध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा ने भी अपने पुराने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं का निवारण युवा कांग्रेस ही करेगी। जिला अध्यक्ष अरुण संगा ने कहा कि युवा कांग्रेस ने नेता बनो, नेता चुनो अभियान की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य युवा नेतृत्व को आग्र लाना है। उन्होंने कहा कि युवा ही आगे आकर देश की प्रगति को बढ़ायेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी पुष्कर सिंह ने युवाओं को चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मौके में 20 सूत्री सदस्य सोहैल खान, जिला उपाध्यक्ष शीबलू खान,, जिला महासचिव सुमन जयसवाल, प्रखंड अध्यक्ष अनमोल, आशुतोष, सुमित, उस्मान, आमिरख, जय सहित अन्य उपस्थित थे।

# नीट में सफल छात्राओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नीट (एनआइआइटी) परीक्षा 2025 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाली मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर्रा की 11 और जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी की एक छात्रा को उपायुक्त आर रॉनिटा ने शनिवार को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर उनका उत्साहबर्द्धन किया। उन्होंने छात्राओं के साथ संवाद कर उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें मार्गदर्शन भी दिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि समर्पित प्रयास, उचित मार्गदर्शन एवं अनुशासित अध्ययन से किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता संभव है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आर्थिक कारणों से किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। जिला प्रशासन हर योग्य छात्र को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह सफलता जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों के परिश्रम और विद्यालयों में चल रही सकारात्मक शैक्षणिक गतिविधियों का परिणाम है। नीट की परीक्षा में जिन छात्राओं ने सफलता प्रापत की है, उनमें रूपांजलि कुमारी 68.25 फीसदी, निशा कुमारी 67.89 फीसदी, पूजा कुमारी 66.97 प्रतिशत, विनिता कुमारी 62.85, अलिशा कुजूर 57.72, सेवानी आईंद 47.87, राजकुमारी केरकेट्टा 47.47, किरण कुमारी 45.91, रोशनी तिग्गा 45.62, दमयंती कुमारी 44.74, जिरेन पूर्ति 44.74, बिरसी धान 41.71 शामिल हैं।

## बंग समुदाय ने मां विपद तारिणी की पूजा कर की सुख-समृद्धि की कामना

खूंटी (आजाद सिपाही)। शहर के हरि मंदिर में शनिवार को बंगाली समुदाय द्वारा मां विपद तारिणी पूजा धूमधाम और भक्तिभाव से की गयी। यह जानकारी देते हुए हरि मंदिर ट्रस्ट के सैकत कुमार दास ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं की भीड़ जुटी हुई थी। महिलाओं ने मां विपद तारिणी का व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर विपद तारिणी पूजा की शुभकामनाएं दी। हरि मंदिर में पूजा को लेकर महिलाओं की देर शाम तक भीड़ लगी रही। महिलाओं ने तेरह प्रकार के फल, तेरह प्रकार की मिठाइयां डलिया में सजाकर पूजा में शामिल हुई। पूरा आयोजन हरि मंदिर ट्रस्ट के अंजन दास द्वारा किया गया।

### विधायक ने 40 किसानों को शत प्रतिशत अनुदान राशि पर दिया हाइब्रिड धान का बीज

# हेमंत सरकार हमेशा से किसानों के हितों की सोचती है: सुरेश बैठा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के इचापीड़ी पंचायत भवन में 40 किसानों के बिच हाइब्रिड धान की बीज का वितरण किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा शामिल रहे। इस अवसर पर कांके बीटीएम बिंदु कुजूर ने बताया की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के बैनर तले प्रखंड के सभी कलेस्टर में किसानों को शत प्रतिशत अनुदान में हाइब्रिड धान बीज का वितरण किया जा रहा है। इसी के तहत इचापीड़ी कलेस्टर में 40 किसानों के बीच सावा 7310 किस्म के हाइब्रिड धान बीज एक क्विंटल 20 किलों का वितरण किया गया। वहीं कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार का मुख्य उद्देश्य उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराकर किसानों की उपज और आय में वृद्धि करना है। हेमंत सरकार हमेशा से किसानों के हित के बारे सोचती है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लाखों किसानों का कृषि ऋण इस सरकार ने माफ किया। मौके पर किसानों को बीजों के सही उपयोग, खेती के नवीन तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। किसानों ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी और पैदावार में वृद्धि होगा। इस मौके पर मुखिया लाखो उरांव, पंसस ऐनुल हक अंसारी, उप मुखिया मोहम्मद गुफरान, कृषक मित्र बबलू, सफीउल्लाह, वार्ड सदस्य तौफीक अंसारी और सज्जाद अंसारी मौजूद थे।



किसानों के बीच अनुदान राशि पर हाइब्रिड धान का बीज बांटते कांके विधायक।

# संसाधनों की कमी के बाद भी विद्यार्थी लक्ष्य प्राप्त कर राज्य-देश का नाम कर रहे रोशन: डॉ प्रदीप वर्मा

**मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्यसभा सांसद ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** लालखटंगा पंचायत के मेधावी छात्र-छात्राओं को शनिवार को समारोह आयोजित कर राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन विद्यार्थियों को दिया गया जिन्होंने जैक, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की ओर से आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पंचायत का नाम रौशन किया। समारोह का आयोजन लालखटंगा पंचायत सचिवालय में किया गया, जिसमें सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और झारखंड का इतिहास, भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित प्रेरणादायी पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि झारखंड किसी भी राज्य से कम नही है। संसाधनों की कमी के बावजूद यहां के विद्यार्थी अपने लक्ष्य प्राप्त कर राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंचायत के लगभग 94 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में भाग लिया और शानदार परिणाम देकर पंचायत का मान बढ़ाया है। वहीं, मुखिया पुष्पा तिर्की ने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत और आत्मविश्वास का परिणाम बताया। कहा कि कम संसाधनों और सीमित शिक्षकों के बीच भी हमारे बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जो गर्व का विषय है। प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने भी शिक्षकों और छात्रों की मेहनत की सराहना की। कहा कि यह सफलता शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों की लगन का नतीजा है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सांसद डॉ प्रदीप वर्मा द्वारा 'मां' के नाम पर वृक्षारोपण कर की गई। इस मौके पर पूर्व मुखिया रितेश उरांव, जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, गोपाल चौधरी, अनिरुद्ध पांडे, तुलसी गोप, राजेश टोप्पो, अजय जायसवाल, शोभा तिर्की, शनिचरवा तिर्की, राजेंद्र ठाकुर, सुमित्रा देवी, गाजू मुंडा, लोकमा टूटी आदि उपस्थित थे।



## भाजपा नेता के बेटे की मौत, केंद्रीय मंत्री और विधायक ने जताया शोक



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता विंध्याचल महतो के पुत्र रोनित कुमार (18) का लंबी बीमारी के बाद शनिवार तड़के तीन बजे निधन हो गया। इस खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। अंतिम संस्कार इस दिन नगड़ी स्वर्णरेखा मुक्ति धाम में किया गया। विंध्याचल महतो ने बेटे को मुखाग्नि दी। वहीं, भाजपा नेता के बेटे के निधन की खबर पाकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जिप सदस्य पूनम देवी, समाजिक कार्यकर्ता सहित नगड़ मंडल के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओ ने शोक व्यक्त किया है। वहीं, दाह संस्कार में पहुंचे हटिया विधायक नवीन जयसवाल, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा और विजय महतो सहित रांची जिला और नगड़ी प्रखंड के दर्जनों वरिष्ठ नेताओं-सैकड़ों समाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी।

# चौली पतरा टोल प्लाजा पर वाहनों से शुरू हुई टोल टैक्स की वसूली

### चार दिनों तक बंद रहने के कारण 10 लाख से अधिक के नुकसान का दावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** पिस्कानगड़ी एवं इटकी मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 23 के चौली पतरा स्थित टोल प्लाजा से शुक्रवार से कंपनी ने कड़ी सुरक्षा के बीच वाहनों से टोल टैक्स की वसूली शुरू कर दी है। बतातें चलें कि विगत 23 जून से मुआवजे की मांग को लेकर भुला भोगी परिवार एवं ग्रामीणों ने रांची-गुमला मुख्य मार्ग को साढ़े 10 घंटे तक अवरूद्ध कर दिया था। यही नहीं, टोल प्लाजा को अनिश्चितकाल के लिए बंद भी कर दिया था। वे विगत चार फरवरी को टोल प्लाजा का हाई मास्क लाईट का टावर गिरने से दब कर मारे गये मृतक और घायलों को ऊचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। आंदोलन स्थल पर वरीय अधिकारी और जन प्रतिनिधियों के नहीं पहुंचने से आक्रोशित ग्रामीणों ने टोल प्लाजा में अनिशितकाल के लिए बंद कर दिया था। हालांकि चार दिनों में ही इसे खुलवा दिया गया। पर इन चार दिनों तक टोल प्लाजा के बंद रहने से कंपनी को करीब 10 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि टोल वसूली एनएचआई के अधिकारियों के निर्देश पर शुरू किया गया है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से नगड़ी थाना के एसआई, महिला-पुरुष पुलिस बल और इटकी प्रखंड के बीपीआरओ की नियुक्त की गयी है।



## जोन्हा बाजार से बाइक चोरी, शिकायत दर्ज

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जोन्हा बाजार से शनिवार को एक बाइक चोरी हो गई। उक्त बाइक सोनाहातू थाना क्षेत्र के जामुदाग निवासी मोहर सिंह मुंडा की थी। बताया जा रहा कि मोहर सिंह मुंडा जोन्हा बाजार में सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने गए थे। वापस लौटे तो बाइक वहां से गायब थी। उन्होंने बाइक की काफी खोजबीन की पर कहीं पता नहीं चला। इस संबंध में अनगड़ा थाना में अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कराया गया है।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जपला-काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन के बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर 38 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान विनय चौहान के रूप में हुई है। वह बिहार के नबीनगर के के बिशुनपुर गांव का रहने वाला है। वह हुसैनाबाद के शेखपुरा गांव में अपने बहन के घर आया था। वह रेलवे ट्रैक के किनारे से होकर गुजर रहा था, तभी मालगाड़ी आ गयी जिसकी चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल विनय को पहले हुसैनाबाद ले जाया गया, जहां सेमेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी स्थित गंभीर बनी हुई है।

## बस-ट्रक की आमने-सामने टक्कर

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आचार्यकुलम स्कूल के पास शनिवार की देर शाम सस और ट्रक की सीधी टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये और ट्रक चालक केबिन में ही फंस गया, जिसे निकालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार और उनके बॉडीगार्ड की गाड़ी में अवैध बालू लदे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बड़कुंबा में खुला एकल विद्यालय



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सहयोग से बड़कुंबा में एकल विद्यालय शुरू किया गया है। लाइवलीहुड कोऑर्डिनेटर संगीता कुमारी ने बताया कि बड़कुंबा पुस्तकालय में ही गांव की बच्चों को पढ़ा रही है। इसमें शिक्षा के साथ, संस्कार, संस्कृति और नैतिक शिक्षा के बारे में भी जानकारी दी जाती है।

# नगड़ी के बीडीओ ने बीज-उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रांची अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को नगड़ी की बीडीओ दीपाली भगत, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार, बीटीएम बरदनी लकड़ा, एटीएम सुमित लकड़ा आदि की ओर से विभिन्न बीज-उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड के नगड़ी चेक पोस्ट स्थित खाद बीज दुकानों जिसमें संजय महतो कृषि केंद्र नारों, मौसमी सीड सेंटर नारों, मंगल श्री कृषि केंद्र नारों एवं प्रेम ट्रेडर्स नारों विक्रेताओं को बीडीओ ने चेतावनी दी है। कहा कि सरकारी दस्तावेज अप-टू-डेट रखिए। किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। सरकारी मानकों के अनुरूप मूल्य पर ही किसानों को बीज उर्वरक यूरिया डीएपी की बिक्री करें। अगर किसानों से शिकायत या सरकारी दरों के विपरीत उच्ची दरों पर बिक्री की जानकारी मिलेगी तो सीधे लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। उन्होंने नगडी प्रखंड के सभी खाद बीज विक्रेताओं को स्टॉक तालिका के साथ खाद बीज उर्वरक यूरिया डीएपी खाद का मूल्य तालिका भी सार्वजनिक रूप से दुकानों के बाहर रखने का निर्देश दिया। वहीं, चारों दुकानों के विक्रेताओं ने बताया कि यूरिया खुला में आठ रूपया किलो, डीएपी 30 किलो मूल्य में किसानों को दे रहे है। चारों दुकानदारों ने कहा कि हम सरकार के आदेश का पालन करेंगे। किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।



# जगन्नाथपुर रथ मेला में डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची डालसा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष एवं सचिव रवि कुमार प्रकाश के निर्देश पर जगन्नाथपुर रथ मेला में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान डालसा की ओर से मेला स्थल में स्टॉल भी लगाया गया। जहां मेला देखने आए लोगों को विधिक सेवा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक, स्वीकृति विनया ने साथी अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नालसा की ओर से संचालित साथी अभियान के तहत निराश्रित बच्चों को मदद पहुंचाने में डालसा प्रयासरत है। उन्होंने नालसा स्कीम डॉन पर भी फोकस किया। कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को नशा से दूर रखें। पीएलवी स्नेहलता दुबे एवं पिंकु कुमारी ने बाल विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या आदि मामलों में न्याय प्राप्त करने की जानकारी दी। वहीं, संगीता सिंह ने गरीब असहाय लोगों को वृद्धा पेंशन, श्रम कार्ड सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। लोगों के बीच पंपलेट एवं लिफलेट का भी वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलवी पिंकु कुमारी, संगीता सिंह, स्नेहलता दुबे, विधि के छात्र-छात्रा बिट्ठू कुमारी, सुमन डेन, अयान राज, खुशी मिश्रा, चालक राजा वर्मा आदि उपस्थित थे।




## बेड़ो में धूमधाम से हुई मां विपदतारिणी की पूजा

**- 13 अंक का विशेष महत्व, भक्तों ने मांगी विपदाओं से मुक्ति**

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के मां दुर्गा मंदिर परिसर सहित बारीडीह एवं जरिया सहित कई गांवों में बंग समुदाय की ओर से शनिवार को पूरे विधि-विधान के साथ मां विपत्तारिणी की पूजा की गयी। यह पूजा सुहागिन महिलाएं अपने पति, संतान और पूरे परिवार के कल्याण के लिए करती हैं। रथयात्रा के बाद जो पहला मंगलवार या शनिवार पड़ता है, उसमें यह पूजा करने की परंपरा है। मां विपत्तारिणी को मां दुर्गा का स्वरूप माना गया है। मान्यता है कि विपदाओं से मां दुर्गा अपने इस स्वरूप में भक्तों की रक्षा करती हैं। मां की पूजा के लिए फूल, फल, पान पत्ता, दूब घास, सुपारी आदि 13 सामग्री चढ़ाया जाता है। पूजा के दौरान, भक्तों ने मां विपदतारिणी को 13 प्रकार के फल, 13 प्रकार के फूल और 13 प्रकार के मिष्ठान अर्पित किए। ऐसी मान्यता है कि यह विशेष अर्पण देवी को प्रसन्न करता है और सभी संकटों को दूर करता है। वहीं पूजा संपन्न होने के बाद, परिवार के सभी सदस्यों ने लाल रंग का धागा अपनी कलाई या बांह में बांधा। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस लाल धागे को धारण करने से वे हर प्रकार की विपदा और संकट से बचे रहते हैं और देवी का आशीर्वाद सदैव उनके साथ रहता है।



### उषा मार्टिन की पहल : 400 गरीबों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन और चश्मा वितरित

# 10 हजार से अधिक आदिवासियों को मिली स्वास्थ्य सेवा

**- एनीमिया एवं कुपोषण के खिलाफ चला अभियान**
**- 150 से अधिक बच्चों को मिली पोषण किट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा/नामकुम।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे स्थित कारखाना के इर्द गिर्द के 18 गांवों में इस वित्तीय वर्ष में 'स्वस्थ ग्रामीण से स्वस्थ गांव' की पहल चलायी गयी। शालिनी अस्पताल के सहयोग से पिछले साल में 11 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। इनमें से 10 हजार आदिवासियों को स्वास्थ्य लाभ मिला। यह जानकारी उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने दी। उन्होंने बताया कि इन लाभुकों में 10 हजार से अधिक जनजातीय समाज के लोगों को चलंत मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदान की गयी, ताकि उनको गांव एवं सुदूर वनप्रदेश में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सके। उषा मार्टिन फॉउंडेशन गांवों में अपनी पहुंच को बढ़ाने के लिए शालिनी अस्पताल को एक मोबाइल मेडिकल यूनिट दिया ताकि कम समय पर सुदूर वनप्रदेश के गांवों में पहुंचा जा सके। इस वर्ष गांवों में गरीब ग्रामीणों के आंखों के लिए सालोंभर अभियान चलाया गया। इसमें चयनित 400 लोगों को निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया और उनको चश्मा भी दिया गया। स्वास्थ्य अभियान के तहत मासू और महिलोंग गांवों का चयन कर किशोर वर्ग के युवाओं में एनीमिया के खिलाफ अभियान चलाया गया है। जिसका सार्थक परिणाम भी निकला है। उषा मार्टिन कंपनी के सहयोग से कारखाने के इर्द गिर्द के गांवों के 150 से अधिक कुपोषित बच्चों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। कंपनी द्वारा पिछले साल समीपवर्ती गांव के 85 मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराया गया था। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए गांव स्तर पर शुद्ध पेयजल की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर चापाकल का मरम्मत कराया गया। इस साल 31 चापाकल एवं दस जलमीनार का मरम्मत कराकर गांव इनको सौर ऊर्जा से संचालित कराया गया, ताकि इसे ज्यादा टिकाऊ बनाया जा सके। इससे 500 घरों को शुद्ध पेयजल की सुविधा करायी जा सके। उलातू में स्नान घर का निर्माण कराया गया। इसके अलावा सालभर में गांव स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता का अभियान चलाया गया।




### स्वस्थ जीवन के लिए योग का अभियान: राणा विकास

स्वस्थ जीवन के लिए गांव के लोगों के जीवन शैली में सुधार के लिए वैकल्पिक स्वस्थ सेवाओं को बढ़ावा दिया गया। आयुर्वेद के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति को गांवों तक पहुंचा गया। शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि गांवों में आयुर्वेदिक, एलोपैथिक के अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा इस साल योग के 11 सेशन में 900 ग्रामीणों को योग, प्राणायाम एवं आसन के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य का प्रशिक्षण गांव के स्कूल एवं पंचायत भवन में कराया गया। इसी प्रकार आयुर्वेद के नौ सेशन से 450 से अधिक लोगों को भारतीय चिकित्सा पद्धति से जोड़ा गया।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल में लगाये गये 300 पौधे

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल परिसर में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य दीपम बनर्जी ने बताया कि विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के 300 पौधे लगाए गए। कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। ये न केवल हमें शुद्ध हवा देते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी प्रकृति के महत्व को समझें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। यह पौधरोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और छात्रों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है। वहीं, उप प्रधानाचार्य सोनम प्रसाद ने पौधरोपण के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाने से न केवल जलवायु परिवर्तन की समस्या को कम किया जा सकता है, बल्कि यह मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता को बढ़ाने में भी सहायक है। वहीं, विद्यार्थियों ने पौधों को अपना नाम देकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। आने वाले समय में रक्षा बंधन पर सभी बच्चे पौधों को रक्षा सूत्र बांधने और देखभाल करने का संकल्प लिया।

## छात्रों को पोस्टल बैलेट पेपर की भी जानकारी दी गयी

घाघरा (आजाद सिपाही)। देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में चुनाव और लोकतंत्र की समझ विकसित करने के लिए सभी क्लास में संसद चुनाव कराया गया। चुनाव में स्कूल की उन्नत सॉफ्टवेयर प्रणाली का उपयोग किया गया। सभी स्टूडेंट्स को बैलेत पेपर और पोस्टल बैलेट पेपर की भी जानकारी दी गयी। विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों के लिए अपने नामांकन प्रस्तुत किए जिससे विद्यालय प्रशासन के प्रति उनकी रुचि और प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई। प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा नए संसद सदस्य अपनी भूमिकाएं संभालने के लिए तैयार हो रहे है। मौके पर नितेश रंजन भास्कर, प्रकाश पांडेय, शशिभूषण गोस्वामी, मेघा कुमारी, निशा कुमारी, नूतन सिंह, सारिका साहू, किरण कुमारी, सोनी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# पति ने डांटा तो महिला ने की खुदकुशी

**मृत महिला का पति अमन लोहरा के अनुसार वह रांची में कुरियर ब्वाय का काम करता है और छुट्टी में घर आया था**

आजाद सिपाही संवाददता


मृतक महिला का फाइल फोटो।

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह पड़कीटोली गांव में शनिवार की सुबह एक महिला ने अपने दुपट्टा का फंदा बनाकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों ने तत्काल उसे फांसी के फंदा से उतारकर सदर अस्पताल लाया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार की अपराह्न 4 बजे पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया। मृत महिला का पति अमन लोहरा के अनुसार वह रांची में कुरियर ब्वाय का काम करता है और छुट्टी में घर आया था। शनिवार की सुबह वह देर तक सोया रहा। पत्नी ने उसे उठाने गयी तो मैं बोला कि छुट्टी में आया हूं सोने दो। इस बात को लेकर दोनों के बीच मामूली विवाद हुआ था। पत्नी ने उसे चाय भी दी। घर के बाहर वह चाय पी रहा था, तभी उसकी एक साल की बेटी के रोने की आवाज सुनकर वह घर के अंदर गया, तब देखा कि उसकी पत्नी फांसी के फंदा से झूल रही है। ग्रामीणों के सहयोग से उसे तत्काल उतारा गया और सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एसआई विनय कुमार और हेमा देवी सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, एक रिम्स रेफर

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र के टोटो में कार और बाइक के बीच शनिवार की अपराह्न 3 बजे हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार घटना स्थल से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में चाहा निवासी जगरनाथ साहु 21 वर्ष और सिसई थाना क्षेत्र के दारी निवासी पंकज मुंडा 18 वर्ष के नाम शामिल है। गंभीर रूप से घायल पंकज मुंडा को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। घटना में पंकज के सिर में गंभीर चोट लगी। जानकारी के मुताबिक दोनों एक बाइक में सवार होकर पुटो मेला घूमने जा रहे थे।

## स्कूटी सवार ने बालक को मारी टक्कर, मौत

भरनो/गुमला (आजाद सिपाही)। भरनो थाना क्षेत्र के भरनो चट्टी मुख्य मार्ग रायकेरा स्कूल के समीप चौथी क्लास का छात्र रोशन उरांव पिता चारों उरांव उम्र 10 वर्ष को चट्टी की ओर से आने के क्रम में रायकेरा स्कूल के समीप स्कूटी सवार ने कुचल दिया, जिसको आनन फानन में ग्रामीणों की सहायता से अस्पताल लाने के क्रम में रास्ते में ही रोशन उरांव की मौत हो गयी। सड़क किनारे शाम 4:30 बजे के लगभग खेल रहा था, उसी में अत्यधिक रफ्तार से शराब के नशे में धुत होकर स्कूटी सवार ने सड़क किनारे जाकर टक्कर मार कर भाग रहा था, जिसको ग्रामीणों ने पकड़कर भरनो पुलिस को सौंप दिया।

## सड़क दुर्घटना में पांच वर्षीय बालक घायल

भरनो (आजाद सिपाही)। प्राप्त सूचना के अनुसार लोंगा निवासी विजय लोहरा मुर्गा लड़ाई देखने देखने के लिए अपने भांजा अंकित लोहरा 5 वर्ष को साथ में लेकर तुरिअंबा गया हुआ था। लौटने के क्रम में तुरिअंबा तालाब के समीप अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने विजय लोहरा के मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे अनियंत्रित होकर विजय लोहरा गिर गया। उसी में अंकित लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ जाहिद अख्तर ने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत सिर में गंभीर चोट को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।

## भरनो में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 स्थित कुसुमबाहा बाजार के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद। घटनास्थल पर भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति पुलिस बल के साथ पहुंची और शव को कब्जे में लेकर स्वास्थ्य केंद्र लाया। मौत के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पायी है।

## छेड़खानी करनेवाला आरोपी गिरफ्तार



जारी (आजाद सिपाही)। जारी थाना क्षेत्र के सीसी करमटोली पंचायत के सीसीकरम टोली गांव के एक महिला को तोगो गांव के निवासी सिल्वेस्टर कुजूर पिता लूकस कुजूर के द्वारा छेड़खानी किया गया। उक्त महिला के द्वारा जारी थाना में जाकर सिल्वेस्टर कुजूर के ऊपर लिखित शिकायत दर्ज कराया। मामले की जानकारी लेने हेतु जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार के द्वारा सीसी करमटोली गांव जाकर मामले की जांच की। आरोपी के ऊपर एफआईआर करते हुए। गिरफ्तारी के लिए जारी थाना के द्वारा करवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तारी किया गया। वहीं कागजी करवाई करते हुए शुक्रवार को जारी थानेदार आदित्य कुमार ने जेल भेज दिया। वहीं जारी थानेदार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के ऊपर के ऊपर छेड़खानी का मामला थाना में दर्ज था।

## वृद्ध दंपति की हत्या का आरोपी पुत्र गिरफ्तार



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जिलपीदह गांव में पिछले मंगलवार को हुई वृद्ध दंपति की हत्या के आरोपी पुत्र प्रकाश असुर को बिशुनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुचना पर पुलिस गांव पहुंच आरोपी को घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया। पुलिस के समक्ष घटना का कारण बताते हुए आरोपी ने कहा कि मैं अपनी पत्नी राजमुनि असुर को 6000 रुपये रखने के लिए दिया था पिछले मंगलवार को मै घर पहुंचा और मेरी पत्नी से पैसा की मांग की तो उसने तुम शराब पियोगे यह कह कर मुझे पैसा देने से इनकार करने लगी। हालांकि उस वक्त में शराब के नशे में था, जिस कारण मुझे गुस्सा आ गया और मैं पास में रखें हथोड़ा से मेरी पत्नी को मारने लगा, तभी मेरी मां व पिताजी मुझ पर चिल्लाने लगे। इसी दौरान पत्नी घर से भाग निकली तभी मैं पत्नी को छोड़ मां और पिता से उलझ गया और मेरा गुस्सा बढ़ता ही चला गया। सबसे पहले मैं हथौड़ा से ही मेरे माता-पिता को मार डाला, फिर भी मेरा गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो मैं घर से कुल्हाड़ी लेकर आया और उन लोगों के शरीर में कई जगह काट डाला। अगर मेरी पत्नी घर से नहीं भागी होती तो मैं उसे भी मार डालता। हालांकि अब मुझे मेरे किये पर पछतावा हो रहा है।

## बाइक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लोंगा गांव से टीवीएस चोर मनोज लोहरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। बता दें कि पिछले 11 जून को ओरया गांव निवासी मंगरु लोहरा का टीवीएस मुख्यालय स्थित बजार टांड़ से चोरी हो गया था। मामले को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी इसी क्रम में टीवीएस घाघरा थाना क्षेत्र के पौड़ी गांव के एक युवक के घर से बरामद किया गया पूछताछ में युवक ने बताया कि उक्त गाड़ी को मैं 9000 में लोंगा गांव निवासी मनोज लोहरा से खरीदा हूं जिसके उपरांत पुलिस लोंगा गांव पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया जहां आरोपी ने पुलिस को बताया कि मंगरु लोहरा मेरे रिश्तेदार में ही है मैं जानता था कि उनका गाड़ी का हैंडल लॉक नहीं होता है और डायरेक्ट स्टार्ट किया जा सकता है, इसी का फायदा उठाते हुए मैं उनका टीवीएस चोरी कर लिया था और उसे बीच भी दिया था। टीवीएस चोरी के लिए मैं काफी दिन से उसका रिकी कर रहा था कब कहां जाता है गाड़ी कहां खड़ा करता है अचानक मुझे मौका मिला और मैं गाड़ी उड़ा लिया। आरोपी के बयान उपरांत पुलिस ने मनोज लोहार को जेल भेज दिया।

## जिला स्तरीय फुटबॉल लिटिल चैंप का आयोजन



गुमला (आजाद सिपाही)। संत इग्नेशियस उच्च विद्यालय गुमला के हॉस्टल मैदान में किया गया किया गया। जिसमें 12 प्रखंड के वर्ग पांचवी तक के और 12 वर्ष तक के बच्चे एवं बच्चियों ने भाग लिया। सभी प्रखंड से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक बालक की टीम और एक बालिका की टीम ने भाग लिया। जिसमें गुमला से बालिका वर्ग में प्रथम स्थान एवं सिसई की टीम नहीं दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं बालक वर्ग में गुमला की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि प्रथम स्थान पर घाघरा की टीम रही। शनिवार के मैच का शुभारंभ एडीपीओ ज्योति खलखो ने किया। साथ है। इस आयोजन को सफल बनाने में बीपीओ लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव, अनुपम कुमार, ओम प्रकाश दास, सुप्रिया कुमारी खेल शिक्षक एवं शिक्षिका ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी।

## संत अन्ना उच्च विद्यालय में नया सत्र शुरू




गुमला। संत अन्ना उच्च विद्यालय में सत्र 2025-26 की शुरूआत का दिन खास रहा। विद्यालय में नए विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर को धन्यवाद देने के साथ हुई। विद्यालय ने केजी से लेकर कक्षा 11वीं तक के नये विद्यार्थियों को मंच तक नाचते हुए लाया। फिर उनके माथे पर चंदन और बैच लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन कर परिसर में उनकी उपस्थिति को औपचारिक रूप से स्वीकार किया गया।इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इंटरमीडिएट के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कॉलेज टॉप किया। कला संकाय की करुणा कुजूर को जिला टॉपर बनने पर मोमेंटो, मेडल, प्रमाणपत्र और 20 हजार रुपये का चेक दिया गया। कला और विज्ञान संकाय के अन्य टॉपर्स को भी मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधान सिस्टर ललिता टोप्पो ने सभी को सम्मानित किया। सिस्टर ललिता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सपनों को साकार करने के लिए ईमानदारी से मेहनत जरूरी है। जिंदगी आपकी है, सपने आपके हैं, मंजिल आपकी है, हार-जीत आपकी है और मेहनत भी आपकी है। असफलता के लिए कभी किसी और को दोष न दें। लगातार मेहनत से ही जीवन में बदलाव और सफलता मिलती है। हार तब नहीं होती जब कोई गिरता है, हार तब होती है जब कोई उठने से इनकार करता है। विद्यार्थी जीवन में हमेशा बड़ा सपना देखना चाहिए। उन्होंने अपनी मां, बहन, गांव, विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। विपरीतपरिस्थितियों के बावजूद उन्होंने सफलता हासिल की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सामूहिक नृत्य का अवसर दिया गया।इस अवसर पर सिस्टर सोसन, सिस्टर प्रेमिका, सिस्टर जसिता, सिस्टर निर्मला, अंजना, अनिस, प्रियंका, अनिता, खुशबू, मनिषा, स्वाति, रेश्मा, मुक्ति, अनुप, पौल, कमल, राकेश, संदीप, संजय, सिलवेस्टर आदि उपस्थित थे।

# आर्मी जवान को दी गयी अंतिम विदाई

**नवाड़ीह निवासी आर्मी जवान की ड्यूटी के दौरान अहमदाबाद में हुई मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** जिले के सदर प्रखंड छेत्र अंतर्गत नवाडीह गांव निवासी सह आर्मी जवान 35 वर्षीय झिरगा लकडा की गुजरात के अहमदाबाद में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। झिरगा की मौत की सूचना के बाद उसके गांव घर मे मातम का माहौल छा गया। तीन दिनों से नवाडीह गांव में किसी के घरों में चूल्हा नही जला। शनिवार की अपराह्न 4 बजे तिरंगे से लिपटा हुआ जवान का पार्थिव शरीर को उनके साथी आर्मी जवानों ने जब उनके पैतृक गांव लेकर पहुंचे, तो गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। जवान के अंतिम दर्शन को कई गांव के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। पार्थिव शरीर को कंधा देते हुए परिजनों व ग्रामीणों के क्रंदन की आवाज से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा। पति के पार्थिव शरीर से लिपट कर उनकी पत्नी अनिता लकडा बेसुध होते रही। वह जवान की दस वर्षीय बेटी सृष्टि लकडा तथा पांच वर्षीय बेटा अयांश लकडा पिता को निहारते रहे। यह देख हर कोई के आंखों से आंसू छलक पड़ा। सभी ग्रामीण परिजनों को ढांढस बंधाते रहे। तत्पश्चात दोपहर में जवान को उनके खुद के खेत की जमीन पर अंतिम विदाई दी गयी। साथ आये आर्मी के जवानों ने संगीनों को झुकाकर व गोलियों की तड़तड़ाहट कर उन्हें सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी। वहीं परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सेना की ओर से मिलने वाले सभी सरकारी लाभ दिए जाने का आश्वासन दिया गया।

### परमवीर अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव को जोड़नेवाली सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

# 26 करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क पहली ही बारिश में जगह-जगह टूटने लगी

आजाद सिपाही संवादादता



**जारी।** गुमला जिले के चैनपुर से जारी तक 26 करोड़ 32 लाख 90 हजार रुपये की लागत से बनी 10 किलोमीटर लंबी सड़क पहली ही बारिश में जगह-जगह से टूटने लगी है। यह प्रमुख सड़क जो जारी को चैनपुर से जोड़ती है और परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव तक जाती है, अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है और उन्होंने उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल :** ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है और गुणवत्ता से समझौता किया गया है। जगह-जगह पड़ रही दरारें और सड़क का धंसना स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि ठेकेदार ने सिर्फ लीपा-पोती कर अपना काम पूरा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े बजट की सड़क का पहली बारिश में ही टूटना विभागीय लापरवाही या ठेकेदार की मिलीभगत को उजागर करता है।

**महत्वपूर्ण मार्ग पर आवागमन प्रभावित :** यह सड़क केवल चैनपुर और जारी को ही नहीं जोड़ती, बल्कि यह झारखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग भी है। प्रतिदिन हजारों वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। इसके अलावा, स्कूली बच्चे, सरकारी कर्मचारी और स्थानीय लोग भी इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं।

चैनपुर मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक मुद्दे पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक स्थानीय नेता ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि परमवीर अल्बर्ट एक्का जैसे महान सपूत के पैतृक गांव को जाने वाली सड़क में भी इस तरह का भ्रष्टाचार हुआ है। यह सिर्फ पैसे की बर्बादी नहीं, बल्कि शहीदों का अपमान भी है। हम सरकार से मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच करायी जाये। दोषी ठेकेदार के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हो और जिन सरकारी अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत रही है, उन्हें भी बख्शा न जाये।

ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि वे तुरंत इस मामले का संज्ञान लें और एक जांच समिति का गठन करें। उनकी मुख्य मांगें हैं सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की जाये। दोषी ठेकेदार को कार्रवाई किया जाये और उस पर कानूनी कार्रवाई की जाये। क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द से जल्द करायी जाये।

## पीएलवीयों का कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित



गुमला(आजाद सिपाही)। शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सभागार में पीएलवीयों का कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजन किया गया । जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ध्रुव चंद्र मिश्र ने कहा कि सभी पीएलबी अपने-अपने क्षेत्र में मन लगाकर कार्य करें और लोगों को सभी तरह का सरकारी योजनाओं एवं विधिक सहायता का लाभ दिलवाने का प्रयास करें। थाना में रह रहे पीएलवी थाना में आने वाले लोगों की समस्या सुने और उनका मदद करें। उन्हें जरूरत हो तो इलाज कराने हेतु अस्पताल तक ले जाएं तथा 164 आदि का बयान के लिए उन्हें कोर्ट तक आने के लिए भी मदद करें तथा मुआवजा की स्थिति में उन्हें मुआवजा के लिए भी आवेदन हेतु जानकारी दें। प्रखंड वाले पीएलवी जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्या सुने और उन्हें उनके कार्य संबंधी मार्गदर्शन करें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि सभी पीएलवी क्षेत्र में श्रृंखला बनाकर कार्य करें और सुदूर क्षेत्र तक के लोगों को लाभ दिलाने में उनका सहयोग करें। आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला को सूचित करें और वहां से मदद ल्लल्ललेकर लोगों का समस्या को दूर करें । कार्यक्रम में प्रतिक राज न्यायिक दंडाधिकारी सह रजिस्ट्रार, एलएडीसी एवं सभी क्षेत्र के पीएलवी उपस्थित थे। झालसा के निर्देश पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहदेव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के आदेशानुसार मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया, इसमें कुल 185 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 1974677 रुपये की राजस्व प्राप्त हुई।

## स्पोर्ट्स



श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया, पथुम निसंका ने 158 रन बनाये, प्रबथ जयसूर्या ने 5 विकेट लिये

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया

## पथुम निसंका ने 158 रन बनाये और प्रबथ जयसूर्या ने 5 विकेट लिये

एजेंसी



श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए। टीम को बांग्लादेश की पहली पारी के आधार पर 211 रन की बढ़त मिली। निसंका को उनके 158 रन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**कोलंबो।** श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंकाई टीम ने 2 मैच की टेस्ट सीरीज में 1-0 से अपने नाम कर ली। सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था।

स्पिनर प्रबथ जयसूर्या के 5 विकेट की बदौलत कोलंबो टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका ने बांग्लादेश की दूसरी पारी को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 247 रन बनाए थे। टीम से शादमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए।

पथुम निसंका के शतक से

**आखिरी 5 विकेट 33 रन पर गिरे** तीसरे दिन बांग्लादेश का स्कोर 6 विकेट पर 115 रन था और लेकिन चौथे दिन आधे घंटे के अंदर बांग्लादेश ने बाकी 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने आखिरी 5 विकेट मात्र 33 रन पर गंवाए। श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। उनके अलावा धनंजय डी सिल्वा और थारिंदू रथनायके को 2-2 विकेट मिला। असिथा फर्नांडो ने एक विकेट लिया।

बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी की शुरूआत करने आए अनामुल हक को तीसरे दिन चाय से ठीक पहले के आखिरी ओवर में असिथा फर्नांडो ने 19 रन पर पवेलियन भेजा। अनामुल ने 2 चौका और एक सिक्स लगाए। उन्होंने शादमान इस्लाम के साथ पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े।

**निसंका का तीसरा शतक, चंडीमल के साथ 194 रन की साझेदारी :** 88 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद पथुम निसंका ने दिनेश चंडीमल के साथ शतकीय साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने चंडीमल के साथ मिलकर 311 बॉल पर 194 रन बनाए। चंडीमल 93 रन बनाकर आउट हुए। चंडीमल के बाद कुसल मेंडिस ने 84 रन की तेज पारी खेली। उन्हें नईम हसन ने लिटन दास के हाथों कैच कराया। निसंका 158 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तैजुल इस्लाम ने आउट किया।

# बसिया में अबुआ आवास योजना और आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

**मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने किया मेला का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** बसिया में प्रखंड सभागार में सिसई विधानसभा स्तरीय गृह प्रवेश अबुआ आवास योजना एवं आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारण होरो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा झारखंड सरकार और विशेष कर हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि अबुआ आवास एक महत्वाकांक्षी योजना है, सरकार आपके द्वार के माध्यम से झारखंड सरकार हर जरूरतमंद जो अंतिम पायदान में खड़ा है जिनके पास पक्के मकान नहीं है उन सभी लोगों के पास अबुआ आवास के माध्यम से सभी को पक्का मकान देना ही हमारा लक्ष्य है आगे उन्होंने कहा कि बागवानी से भी यहां की किस आगे बढ़ रहे हैं, जिसे देखकर अच्छा लगा कि यहां के फलों की ब्रांडिंग कर दूसरे जगह भेजा जा रहा है, लोगों के चेहरे में मुस्कान है पक्के मकान पाकर, मुझे विधायक जानता नहीं बनाया है मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चल रही है वह बसिया प्रखंड के सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे।

**विधायक ने किया अबुआ आवास का उद्घाटन :** वहीं इस दौरान विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने कोनबीर पंचायत के दो लाभुक सुनीता कुमारी और प्रकाश महतो के घर जाकर अबुआ आवास का गृह प्रवेश किया, इसके बाद विधायक कोनबीर के ही एक किसान के आम बागवानी जाकर भी निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक को किसानों के द्वारा फल भी भेंट स्वरूप दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से बसिया एसडीओ जयवंती देवगम, एलआरडीसी शेखर कुमार, बीडीओ सुप्रिया भगत, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उरांव समेत झामुमो के सभी कार्यकर्ता सहित अबुआ आवास के सभी लाभुक एवं किसान मौजूद थे।

# झरिया में युवक की हत्या, तालाब से बरामद हुआ पत्थर से बंधा शव

## दो दिनों से था लापता, मृतका की पत्नी ने दो दोस्तों पर जताया हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र में 38 वर्षीय युवक युवक की हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार को सिंहनगर स्थित एक तालाब से उसका शव बरामद हुआ। शव गमछा के सहारे पत्थर बांधकर शव को जलकुंभी भरे तालाब में फेंक दिया गया था। जिसे शनिवार को बरामद कर लिया गया है। उसकी पहचान शंकर भुईयां उर्फ भुचकुनिया के रूप में हुई है। वह सिंहनगर-गुलगुलिया बस्ती का रहने वाला है, जो विगत दो दिनों से लापता था। उससे शरीर पर धारदार हथियार और पत्थरों से प्रहार किये जाने के निशान मिले हैं। घटना की सूचना पाकर झरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया। उधर, घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी पूरनी देवी ने पड़ोस के लेला एवं उसके एक दोस्त पर हत्या करने की आशंका जतायी है। वहीं, पुलिस आरोपित लेला को पकड़ने के लिए जगह-जगह छापामारी कर रही हैं। मृतक की पत्नी पूरनी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसके पति शंकर घर पर ही थे। रात करीब आठ बजे पड़ोस के लेला भुईयां अपने एक दोस्त को लेकर उसके घर आया। दोनों उसके पति को साथ ले जाने की जिद्द करने लगे। काफी जिद्द करने के बाद पति उन दोनों के साथ चले गये। इसके बाद वे घर नहीं लौटे। इसके बाद शुक्रवार की सुबह शंकर की पत्नी लेला के घर जाकर अपने पति के बारे मे पूछा, लेकिन उसने यह कहकर बात टाल दिया कि उसे रात में ही घर छोड़ दिया था। जब शाम तक घर नहीं लौटे तो लेला के घर जाकर एक बार फिर पति के बारे में पूछा। इसके बाद पूरनी और लेला दोनों ने आसपास के झाड़ियों सहित कई स्थानों पर खोजबीन की। लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इस बीच शनिवार की सुबह शव बरामद हुआ। जिसीक सूचना स्थानीय लोगों ने सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारण का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### कई मामले में वांछित था शंकर भुइयां

**पता चला है कि शंकर लोहा, कोयला, लूट एवं आर्म्स एक्ट सहित कई मामले का आरोपी रह चुका है। शंकर की तलाश आज भी बोरागढ़, बैंकमोड़, झरिया, रेलवे जीआरपी पुलिस कर रही थी। वह पुलिस की नजर में फरार चल रहा था। वह कई थाना के अभियुक्त होने के बाद भी पुलिस की आंख में धूल झोंक कर यहां रह रहा था। इससे पहले शंकर भागकर गुजरात चला गया था। यह भी पता चला है कि सिंहमेंशन समर्थक धनंजय यादव की जब हत्या हुई थी तब शंकर फरार हो गया था। इसके बाद वह वापस धनबाद आकर गुलगुलिया बस्ती में रहने लगा था।**

### शौच को गये लोगों की नजर शव पर पड़ी

इस दिन सुबह मुहल्ले के कुछ लोग उक्त तालाब की तरफ शौच करने आए थे। जहां तालाब के पास शंकर का मोबाइल और चप्पल पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मृतक की पत्नी पूरनी को दी। इसके बाद उसके स्वजन एवं स्थानीय लोग तालाब पहुंचे। तभी जलकुंभी भरे तालाब में एक व्यक्ति का हाथ तालाब से उपर उठा दिखा। लोगों ने उसके शव को बाहर निकाला। तालाब से शव निकलने के बाद उसकी पहचान शंकर भुईयां के रूप मे हुई। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद झरिया एवं बोरागढ़ की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा मिनी गन फैक्ट्री गिरोह का किंगपिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विगत 19 जून को कोलकाता और रांची एटीएस की संयुक्त टीम ने छापामारी कर गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार में विवाह मंडप की आड़ में चलाए जा रहे मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा लिया था। हालांकि तब फैक्ट्री संचालक बच निकला था। जिसे पुलिस ने अंततः एक अन्य धंधेबाज के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरगना सूरज साहू को इस धंधे में लाने वाला सूरज प्रजापति ही है। सूरज प्रजापति जब किसी मामले में नौ महीने जेल में रहा था तभी वह हथियार कारोबारी के संपर्क में आया था। जेल से बाहर आने के बाद से वह इस अवैध कारोबार से जुड़ गया। वह अवैध शराब विशेष कर बियर निर्माण कर उसे भी बाजार में खपाने के काम में जुटा रहा। अब गिरफ्त में आए इन आरोपियों से पुलिस गहन पूछताछ कर हथियार गिरोह के पूरे नेक्सस को उखाड़ फेंकने में जुटी है। गौरतलब है कि बोकारो एसपी ने बेरमो एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन कर सरगना की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंप थी। इसी टीम को यह सफलता हाथ लगी है

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र स्थित रेलवे साइडिंग के पास झोपड़ी में सो रही 15 साल की किशोरी से गुरुवार की देर रात एक युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसकी पहचान डब्ल्यू अंसारी के रूप में हुई है। वह भूली के आजाद नगर का रहने वाले है। जानकारी के मुताबिक आरोपी डब्ल्यू कुस्तौर कोयला रेल साइडिंग में काम करता है। वह पीड़िता के परिवार से पहले से परिचित है। यही कारण है कि पीड़िता के घर उसका अक्सर आना-जाना होता था। उधर, घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद आरोपी को उसके चचेरे भाई के जरिए साइडिंग में बुलाया गया। वहां आते ही लोगों ने आरोपी को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। लेकिन वह किसी तरह वहां से भाग निकला। फिर रात में ही परिजनों ने केंदुआडीह थाने को मामले की जानकारी दी।

**मामा के घर छिपा था आरोपी :** उधर, जानकारी मिलने पर केंदुआडीह थानेदार प्रमोद कुमार पांडेय ने दलबल के साथ आरोपी की तलाश शुरू की। भागाबांध के जंगल, गोविंदपुर, बोर्रागढ़, आजाद नगर, अमन सोसाइटी में छापामारी की गई, पर आरोपी वहां नहीं मिला। उसके कई रिश्तेदारों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, लेकिन पूछताछ के बाद छोड़ दिया। इसी बीच शुक्रवार को डब्ल्यू केंदुआ हटिया के पास पकड़ा गया। वो केंदुआ 4 नंबर में रहने वाले अपने मामा के घर छिपा हुआ था। जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। इधर, मुनीडीह ओपी प्रभारी ने पीड़िता का बयान दर्ज किया। उसके आधार पर डब्ल्यू के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। शनिवार को पीड़िता का मेडिकल टेस्ट कराया गया। जिसके बाद पीड़िता का बयान कोर्ट में दर्ज कराया गया।

# ऐसी कार्यशालाएं कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका : विकास कुमार

**बलियापुर के कोराहरि गांव में आयोजित 25 दिवसीय डिजाइन विकास कार्यशाला का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलियापुर/धनबाद।** केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त हस्तशिल्प के देवघर कार्यालय के तत्वावधान में धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर प्रखंड के कोराहिर ग्राम में आयोजित 25 दिवसीय डिजाइन विकास कार्यशाला का शनिवार को सफल समापन हुआ। इस वर्कशॉप का आयोजन टेराकोटा शिल्प को नया स्वरूप देने और स्थानीय कारीगरों को आधुनिक डिजाइन तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम में टेराकोटा शिल्प से जुड़े 30 से अधिक कारीगरों ने भाग लिया। वहीं. डिजाइनर देवानंद राणा की ओर से पारंपरिक कला को नए आयाम देने के लिए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने कई नवाचारी डिजाइनों एवं उत्पादों का निर्माण किया, जो बाजार की वर्तमान मांग के अनुरूप तैयार किए गए। कार्यक्रम में हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया और सभी कारीगरों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि ऐसी कार्यशालाएं न केवल शिल्प को जीवंत बनाए रखती हैं, बल्कि कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता है। यह प्रयास 'वोकल फॉर लोकल' के उद्देश्य को भी साकार करता है। विभाग के अवर श्रेणी लिपिक विवेक कुमार ने योजनाओं की जानकारी साझा की और कारीगरों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर अनंतराम सहित 30 प्रतिभागी हस्तशिल्पी मौजूद रहे।

# सीएमपीडीआइ ने वृद्धजनों की सुविधा के लिए ओल्ड एज होम को दिया डस्टबिन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता अभियान के तहत शनिवार को संबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में सीएमपीडीआई के मैनेजर नवीन कुमार, डिप्टी मैनेजर जागृति कुमारी, ब्रजेश कुमार (पीए) रीजनल निदेशक, सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम एवं लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम पहुंचे। दोनों आश्रमों के वृद्धजनों की सुविधा के लिए 25 डस्टबिन सौंपा। आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, सहसचिव सुरेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी विजय सिन्हा ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के मैनेजर नवीन कुमार ने पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को देखते हुए उन लोगों ने ओल्ड ऐज होम और लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम को 25 डस्टबिन दिया हो। हम लोग बीच-बीच में इस आश्रम में सहयोग करते हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। वहीं, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा कि सीएमपीडीआई की ओर से हमेशा आश्रम को सहयोग मिलता रहा है। इसके लिए आश्रम परिवार सीएमपीडीआई सदस्यों का आभारी है।

# मासिक लोक अदालत में 100 वादों का निपटारा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि मासिक लोक अदालत में कुल आठ बेंच गठित किये गये थे। जिसमें 100 वादों का निपटारा किया गया। जिसमें जिसमें अधिकतम रेलवे वाद से संबंधित 62 मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान कुल पांच लाख 71 हजार 533 रुपए की रिकवरी हुई।

# महुदा में श्रद्धा-भक्ति से हुई माता विपतारिणी की पूजा

**महुदा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र सहित आसपास के दर्जनों गांवों में शनिवार को श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के साथ जगत माता विपतारूणी की पूजा विधिविधान से की गयी। क्षेत्र की महिलाओं ने परंपरागत तरीके से फल-फूल, पान-पत्ता, लौंग-ईलायची सहित 13 प्रकार की पूजन सामग्री से मां विपदतारिणी की आराधना की। पूजा स्थलों पर ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं ने एक-दूसरे के माथे पर सिंदूर लगाया और हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर सुख-समृद्धि की कामना की। मां काली के स्वरूप मानी जाने वाली माता विपदतारिणी की इस पूजा में 'तेरह अंक' का विशेष महत्व बताया गया। पुजारी रघुवीर पांडेय ने बताया कि मां विपदतारिणी की पूजा से समस्त प्रकार की विपत्तियों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के बाद ही शनिवार और मंगलवार को यह विशेष पूजा की जाती है। यह पूजा मनोकामना पूर्ति का माध्यम माना जाता है। महुदा मोड़, तेलमोचो, कुमारडीह, भाटडीह, महुदा बाजार, कंचनपुर, कचर्रा, तारगा समेत आसपास के गांवों में श्रद्धा भाव से पूजा की गयी।

## बार एसोसिएशन की ओर से बनाये गये नये शेड में हुआ संगीतमय सुंदरकांड पाठ

# संकल्प दृढ़ हो, तो समुद्र भी रास्ता दे देता है : न्यायाधीश वीरेंद्र तिवारी

## मन में भक्ति और सेवा का भाव हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है : न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** एसडीओ कोर्ट परिसर में वर्षों से प्लास्टिक के नीचे बैठकर वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को बार एसोसिएशन ने बड़ी सौगात दी। पूरे परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए शेड का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन शनिवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय एवं महासचिव जितेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं की ओर से शेड में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इस दिन सुबह 11 बजे राम दरबार के वैदिक पूजन से शुरू हुई। जिसके बाद दोपहर 12 बजे से संकटमोचन जागरण ग्रुप के कलाकारों की ओर से सुंदरकांड पाठ शुरू किया गया। अधिवक्ताओं ने भी सुंदरकाण्ड का पाठ किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो, रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट भी उपस्थित थे। इस दौरैना पूर्णाहूति के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंदर सहाय ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे आत्मिक और मानसिक बल को सशक्त करने का एक अद्वितीय अवसर है। सुंदरकांड जो श्रीरामचरितमानस का एक अत्यंत प्रभावशाली अध्याय है न केवल श्रीराम की विजयगाथा का वर्णन करता है, बल्कि संकट में धैर्य, श्रद्धा, सेवा और साहस का जो अनुपम उदाहरण श्री हनुमान जी ने प्रस्तुत किया, वह हम अधिवक्ताओं के जीवन और कार्यशैली के लिए भी अत्यंत प्रेरणास्पद है। इस आयोजन से हमें न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है, बल्कि यह हमारी संस्था, बार की एकता, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को भी प्रकट करता है। वहीं महासचिव जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हम अधिवक्ताओं का जीवन भी निरंतर संघर्ष है। अन्याय के विरुद्ध न्याय की तलाश, झूठ के विरुद्ध सत्य की स्थापना का। ठीक वैसे ही जैसे हनुमान जी ने माता सीता की खोज कर प्रभु श्रीराम के संदेश को लंका तक पहुंचाया, वैसे ही हम अधिवक्ता जनसामान्य की पीड़ा को न्याय के मंच तक पहुंचाते हैं। हमें ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करना चाहिए, ताकि हम केवल पेशेवर नहीं, बल्कि संवेदनशील, सशक्त और संतुलित व्यक्तित्व भी बन सकें। वहीं, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सुंदरकांड हमें सिखाता है कि जब लक्ष्य बड़ा हो, तो साधन स्वयं मिल जाते हैं। जब संकल्प दृढ़ हो, तो समुद्र भी रास्ता दे देता है। वहीं, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने कहा कि जब मन में भक्ति और सेवा का भाव हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है।


**झारखण्ड सरकार**
**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग**
**(समाज कल्याण निदेशालय)**
द्वितीय तल्ला, इंजीनियर्स हॉस्टल, सेक्टर–III, धुर्वा, राँची–834 004, दूरभाष संख्या–0651–2400749

**सूचना**

केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन सक्षम आँगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत् राज्य के **16775** सक्षम आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिए **Smart TV** क्रय एवं आपूर्ति GeM Portal पर निविदा प्रकाशित की गई है, जिसका Bid Ref. No. GeM/2025/B/6384249 है।

उक्त निविदा GeM Portal पर https://gem.gov.in पर उपरोक्त GeM Bid reference के माध्यम से देखा जा सकता है।

PR 356181 Women, Child Development & Social Security(25-26)#D

ह0/–
निदेशक, समाज कल्याण

**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में पठन–पाठन से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक **07.07.2025** के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, लोहरदगा में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक **07.07.2025** के अपराह्न 12.30 बजे कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति संबंधित सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 356123 Lohardaga(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
**(e-Procurement Call) 2nd Call**
ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या – 19/R1/2025-26/RWD/SIMDEGA दिनांक – 26-06-2025
**1.** कार्य की विस्तृत विवरणी:मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना **(4515)**

| क्र० सं० | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा | RWD/ SIMDEGA/ 19/08/2023-24 | पी0डब्लू0डी0 रोड कुरडेग से पिथरा भाया लुकीबहार पथ तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–7.150 कि0मी0) | 706.637 (सात करोड़ छः लाख तिरसठ हजार सात सौ रूपये मात्र) | 14,13,300 (चौदह लाख तेरह हजार तीन सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 18 महिना | द्वितीय |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01-07-2025
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 15-07-2025 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17-07-2025 अपराह्न 11:30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. अति अल्पकालीन ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र के अनुसार मान्य होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 356131 Simdega(25-26)D

ह0/– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गये शुभांशु शुक्ला से की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की। पीएम मोदी की शुभांशु शुक्ला से बातचीत के अंश इस प्रकार से हैं:-



**प्रधानमंत्री :** आज आप हमारी मातृभूमि से दूर हैं, लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ भी है। इस समय सिर्फ हम दोनों ही बात कर रहे हैं, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों की भावनाएं भी मेरे साथ हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग है। मैं आपको अंतरिक्ष में हमारा झंडा फहराने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। क्या वहां सब ठीक है? क्या आप ठीक हैं?

**शुभांशु :** पीएम मोदी आपकी और 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं यहां ठीक और सुरक्षित हूं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में आज का भारत अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई मौके देता है। मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

**प्रधानमंत्री :** आप जो गाजर का हलवा ले गए हैं, क्या उसे अपने साथियों को खिलाया है?

**शुभांशु :** हां, मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लाया। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए सभी लोग समृद्ध भारतीय पाककला का आनंद लें। हम सभी ने इसे एक साथ खाया और सभी को यह पसंद आया।

**प्रधानमंत्री :** आपको पृथ्वी माता की परिक्रमा का मौका मिला है, आप अभी कहां हैं?

**शुभांशु :** हम 16 बार परिक्रमा करते हैं, 16 सनराइज और 16 सनसेट देखते हैं। 28 हजार किमी/घंटे की रफ्तार से चलते हैं। यह गति दिखाती है कि हमारा देश कितनी गति से आगे चल रहा है।

**प्रधानमंत्री :** आप वास्तविक स्थिति में हैं, वहां की परिस्थितियां कितनी अलग हैं?

**शुभांशु :** जब पहली बार हम लोग ऑर्बिट में पहुंचे तो पहला व्यू पृथ्वी का था। जब अंतरिक्ष से भारत को देखा तो पता लगा कि जो हम मैप में अपने देश को देखते हैं, वो उतना नहीं है, लेकिन भारत सच में बहुत भव्य और बड़ा दिखता है, जितना हम मैप पर देखते हैं, उससे कहीं ज्यादा हमें यहां से महसूस होता है कि कोई बॉर्डर नहीं है, कोई देश नहीं है। हम सब इंसानियत का हिस्सा हैं। आपसे बात करते वक्त मैंने अपने पैर बांध रखे हैं क्योंकि यहां जीरो ग्रेविटी है, ऐसा नहीं करूंगा तो उड़ने लगूंगा। यहां सोना बहुत बड़ी चुनौती है।

# पाकिस्तान : आत्मघाती हमले में सैन्य काफिले को बनाया निशाना

## 13 सैनिकों की मौत, 10 जवानों समेत 29 घायल

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सैन्य काफिले को निशाना बना कर किये गये आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिक मारे गये। हमले में 10 जवानों समेत 29 के घायल होने की खबर है। हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में शनिवार को सुबह आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एंबुश प्रोटेक्टेड वाहन से भिड़ा दिया।

**विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर करवा दी। विस्फोट में 13 सैनिक मारे गये। इसके अलावा 10 सैन्यकर्मी और 19 नागरिक घायल हो गये। यह क्षेत्र तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के निशाने पर रहता है। हमले के समय इलाके में चल रही सैन्य गतिविधियों के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया था। विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया।

# टेस्ला कार फैक्ट्री से बिना ड्राइवर मालिक के घर पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दुनिया में पहली बार ऐसा हुआ जब कार खुद फैक्ट्री से बिना ड्राइवर के चल कर खरीदार के घर पहुंच गयी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क ने अपने जन्मदिन पर अपनी कंपनी टेस्ला की फुली ऑटोनॉमस (अपने-आप चलने वाली) कार की डिलीवरी की। कस्टमर के घर पहुंचने वाली इलेक्ट्रिक कार 'मॉडल वाई' है। टेस्ला ने कार की डिलीवरी का वीडियो एक्स पर शेयर किया है।

**डिलीवरी के दौरान 116 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से चली कार :** कंपनी ने बताया कि हमने फुली सेल्फ ड्राइव कार 'मॉडल वाई' की पहली पहली डिलीवरी टेक्सास शहर में की है। कार बिना किसी ड्राइवर या रिमोट ऑपरेटर के पार्किंग प्लेस, हाइवे और शहर की सड़कों से होते हुए अपने डेस्टिनेशन तक पहुंची। टेस्ला के एआइ और ऑटोपायलट के प्रमुख अशोक एलुस्वामी ने कहा कि डिलीवरी के दौरान कार ने 72 मील प्रति घंटे (यानी 116 किमी प्रतिघंटा) की टॉप स्पीड हासिल की। टेस्ला ने 'मॉडल वाई' को अपडेट कर फुली ऑटोनॉमस कार बनाया है। इसे पहली बार मार्च 2019 में लॉन्च किया गया था। दुनियाभर में 'मॉडल वाई' की कीमत 40,000 डॉलर (करीब 34 लाख रुपये) से शुरू होती है।

# एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर AISATS के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, यह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।' मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एअर इंडिया के स्टाफ ने 20 जून को AISATS के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी की थी। ये खबर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इन कर्मचारियों को निंदा की।






















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**